CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 82 | जयपुर, शनिवार 11 अप्रेल, 2026 | ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | PAGE 8+ST

# महिला नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में छा गए भजनलाल, महिलाओं कॉलेज स्टूडेंट ने मुख्यमंत्री की वर्किंग स्टाइल, व्यवहार की जमकर तारीफ की

## मुख्यमंत्री आवास पर हर आयु वर्ग की महिलाओं और कॉलेज यूनिवर्सिटी छात्र-छात्राओं का जमावड़ा, मुख्यमंत्री ने सरकार की योजनाओं के बारे में लिया फीडबैक, महिलाओं ने भजनलाल सरकार की योजनाओं की जमकर की तारीफ

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल प्रदेश के युवाओं और महिलाओं में जबरदस्त लोकप्रिय हो गए हैं। जिसमें प्रदेश में महिलाओं, स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी की छात्राओं में अपने सरल और सहज व्यवहार तथा अपनी वर्किंग स्टाइल से काफी पॉप्युलर हो गए हैं पिछले सवा दो साल में प्रदेश में महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए प्रदेश सरकार की ओर से किए गए उल्लेखनीय कार्यों को लेकर आज प्रदेश की हर जाति और बिरादरी की हर आयु वर्ग की महिलाओं में भजनलाल शर्मा दिनों दिन पॉपुलर होते जा रहे हैं अपने सरकारी आवास पर भजन लाल शर्मा नियमित रूप से प्रदेश भर की महिलाओं के साथ जिस तरह से संवाद करके उनकी समस्याओं को सुनकर और उनसे सुझाव लेकर सरकारी योजनाएं महिलाओं को लगातार समर्पित कर रहे हैं। उससे आधी आबादी मतदाता मुख्यमंत्रीभजनलाल शर्मा की तारीफ करते नहीं थक रही ।शुक्रवार को भी मुख्यमंत्री आवास पर नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में प्रदेश भर की महिलाओं और कॉलेज यूनिवर्सिटी की छात्राओं के साथ भजनलाल शर्मा ने काफी देर तक चर्चा की उनसे सरकार की योजनाओं के बारे में फीडबैक लिया और उनसे महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए सुझाव मांगे, मुख्यमंत्री शर्मा ने लखपति दीदी, मिलेनियम दीदी, नमो ड्रोन, दीदी योजनाओं को लेकर भी चर्चा की और आवश्यक फीडबैक लिया। बड़ी बात यह है कि महिलाओं से संवाद के दौरान भजनलाल शर्मा महिलाओं से ऐसी मुलाकात कर रहे थे जैसे वे उनके घर के सदस्य ही हो इसलिए महिलाओं ने भी मुख्यमंत्री के सहज और सरल व्यवहार को काफी पसंद किया और उनके अच्छे व्यक्तित्व को देखकर महिलाओं ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि भजनलाल शर्मा में पद का ईगो बिल्कुल भी नजर नहीं आया





। उन्होंने हर मुद्दे पर बहुत ही गंभीरता पूर्वक और सरलता से विचार विमर्श किया महिलाओं ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह भी कहा कि जब से भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे हैं तब से ही निरंतर महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए महिलाओं से आवश्यक विचार विमर्श और सुझाव लेकर ही योजनाएं और नीतियां तैयार करते हैं जो अपने आप में एक बड़ी बात है । इसीलिए उनकी पापुलैरिटी महिलाओं में जबरदस्त हो गई है नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महिलाओं को स्वावलंबन और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और कहा कि सरकार उनके साथ खड़ी है उन्हें हर क्षेत्र में सरकार का सहयोग मिलेगा। अगर कारोबार स्थापित करना चाहती हैं तो सरकार कारोबार में भी उन्हें हर तरह से सहयोग करेगी इसके अलावा हर क्षेत्र हर विभाग और हर जगह पर महिलाओं को ज्यादा अवसर और तवज्जो देने की बात मुख्यमंत्री ने कही है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है कि महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए जितनी भी योजनाएं सरकार की ओर से संचालित की जा रही है उन योजनाओं का भरपूर फायदा उठाए। मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता भी जाहिर की की सरकार की ओर से संचालित की जा रही योजनाओं का महिलाएं जमकर फायदा उठा रही हैं और लगातार आर्थिक रूप से मजबूत होकर अपने परिवार समाज और प्रदेश के विकास में अपना सहयोग दे रही हैं ।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महिलाओं से संवाद के दौरान यह भी कहा कि अब विधानसभा और लोकसभा में भी महिलाओं की संख्या ज्यादा दिखेगी क्योंकि इसके लिए मोदी सरकार महिला आरक्षण बिल को लेकर गंभीर है । मुख्यमंत्री आवास पर शुक्रवार को भजनलाल शर्मा की ओर से आयोजित किए गए नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में कॉलेज और यूनिवर्सिटी की छात्राएं भी बड़ी संख्या में नजर आई इसके अलावा एनजीओ और विभिन्न क्षेत्रों में खुद को स्थापित कर चुकी महिलाओं ने मुख्यमंत्री के साथ महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए विचार शेयर किया मुख्यमंत्री ने भी इस महिला संवाद के कार्यक्रम में जितने भी महिलाओं की ओर से महत्वपूर्ण सुझाव आए हैं उन्हें अपनी डायरी में अंकित किया है ताकि आगामी दिनों में जब महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए योजनाएं बनाई जाए तो इन सभी सुझाव को ध्यान में रखा जाए इस कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में नजर आई अभी कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री आवास पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का एक बड़ा सम्मेलन हुआ था जिसमें मुख्यमंत्री ने प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के अकाउंट में 1000 रुपए ड्रेस के लिए ट्रांसफर किए थे। शुक्रवार को एक बार फिर से नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री आवास महिलाओं से गुलजार दिखा घ

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं को आगे रखकर ही तैयार कर रहे हैं सरकारी योजनाएं : भजनलाल शर्मा

नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ष 2014 से लगातार महिला सशक्तिकरण की दिशा में जबरदस्त तरीके से कार्य कर रहे हैं ।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं को आगे रखकर ही जन कल्याणकारी योजनाएं तैयार करते हैं उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के शासन की बात को अपने हाथ में ली थी उस समय महिलाओं के सामने कई बड़ी-बड़ी समस्याएं थी। महिलाओं को शौच के लिए रात के अंधेरे का इंतजार करना पड़ता था या फिर सुबह-सुबह अंधेरे में ही उन्हें शौच के लिए जाना पड़ता था इस समस्या को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काफी गंभीरता से लिया और हर घर में शौचालय बनाने का कार्य शुरू किया इसी तरह से वर्ष 2014 में महिलाओं को घर पर चूल्हे से खाना पकाना पढ़ता था इसकी वजह से लकड़ी की धुआं से उनकी आंखें जल्दी ही खराब हो जाती थी । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समस्या को भी गंभीरता से लिया और उज्ज्वला योजना समर्पित करके महिलाओं को इस संकट से छुटकारा दिलाया इसी तरह से वर्ष 2014 में पुरुष और महिलाओं का लिंग अनुपात में काफी अंतर था महिलाओं की संख्या काफी कम थी इस दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को पूरे देश में जबरदस्त तरीके से संचालित किया जिसके अच्छे परिणाम राजस्थान और सभी जगह पर देखने को मिल रहे हैं उन्होंने कहा कि ऐसी अनेकों योजनाएं हैं जो पीएम मोदी ने महिलाओं को आगे रखकर महिलाओं को समर्पित किया है उसी का नतीजा है कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों की तुलना में तेजी से आगे बढ़ रही है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और दिशा निर्देशन में हमने पिछले सवाल 2 साल में महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए कई बड़े कार्यक्रम कई बड़ी योजनाएं शुरू की है जिसमें आंगनबाड़ी केदो को सुधारा जा रहा है आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के वेतन को बढ़ाया जा रहा है महिलाओं के समूह बनाकर उन्हें छोटे-मोटे धंधे और कारोबार स्थापित करने के लिए सरकार सामने आ रहे हैं महिलाएं आत्मनिर्भर और स्वावलंबन की ओर तेजी से बढ़ रही है सुरक्षा की दृष्टि से भी महिलाओं को काफी सशक्त किया जा रहा है महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है आज महिलाएं बिना किसी घबराहट और डर के देर रात तक अपने कार्य क्षेत्र से घर पहुंचती है मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि महिलाओं का विकास और महिलाओं के बारे में सोचना हमारा विचार है हमारी संस्कृति है और हमारे सनातन धर्म में भी महिलाओं का स्थान पुरुषों से आगे है उन्होंने कहा कि जैसे राम के आगे सीताराम बोला जाता है श्याम के आगे राधे श्याम बोला जाता है जो यह दिखाता है कि हमारी संस्कृति में महिलाओं का स्थान पुरुष से पहले है इसीलिए हम हमेशा महिलाओं को आगे रखकर योजनाएं बनाते हैं ।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पुलिस मुख्यालय में शानदार वेलकम, पुलिस अफसर के साथ मैराथन बैठक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का शुक्रवार को जयपुर स्थित पुलिस मुख्यालय में शानदार वेलकम किया गया, पुलिस की स्पेशल टुकड़ी की ओर से मुख्यमंत्री शर्मा को सलामी दी गई जैसे ही पुलिस मुख्यालय में मुख्यमंत्री शर्मा की गाड़ी पहुंची वहां पहले से ही मुख्यमंत्री शर्मा का इंतजार कर रहे पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा और अन्य पुलिस अधिकारियों ने गाड़ी से उतरते ही मुख्यमंत्री शर्मा का शानदार वेलकम किया। इसके बाद उन्हें गोद आफ ऑनर दिया गया गॉड ऑफ ऑनर कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने 42 महिला पीसीआर गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह महिला पीसीआर गाड़ियां महिला सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने में बड़ी भूमिका अदा करेगी इन महिला पीसीआर गाड़ियों में महिला अधिकारी और कर्मचारी ही नियुक्त रहेंगे जो महिला उत्पीड़न और महिला अत्याचार के बारे में मिली शिकायतों पर तुरंत मौके पर पहुंचकर अपराधियों के खिलाफ कड़ा एक्शन उठाएंगी। महिला पीसीआर गाड़ियों को एक एक करके रवाना करने के बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने पुलिस मुख्यालय में पुलिस अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक आयोजित की यह बैठक इसलिए महत्वपूर्ण है कि मुख्यमंत्री बनने के बाद भजनलाल शर्मा शुक्रवार को पहली बार ही पुलिस मुख्यालय में पहुंचे थे । मुख्यमंत्री शर्मा के पास गृह विभाग की भी जिम्मेदारी है इसलिए शुक्रवार को उन्होंने काफी देर तक पुलिस मुख्यालय में अधिकारियों के साथ प्रदेश में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने, पब्लिक और पुलिस के बीच बेहतर तालमेल और दोस्ताना संबंध बनाने, संगठित अपराध ग्रुप के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने, नए कानून के क्रियान्वयन का फीडबैक, महिला सुरक्षा, दलित, आदिवासी, एससी, एसटी



अत्याचारों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने, बजरी माफिया खनन माफिया अवैध मादक पदार्थ तथा हथियार तस्करों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने तथा बड़े-बड़े गैंगस्टरों की ओर से प्रदेश में आए दिन कई जगहों पर मिल रही हफ्ता वसूली की शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई करने जैसे कई बड़े मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों के साथ विस्तार से बातचीत की इसके अलावा सीमा पार से लगातार अवैध मादक पदार्थों की हो रही तस्करी के मामले में बीएसएफ के साथ राजस्थान पुलिस के प्रभावी तरीके से कार्रवाई करने घुसपैठ इत्यादि विषयों को लेकर भी चर्चा की गई मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के सभी रेंज आईजी से अपराधों की रोकथाम के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी हासिल की आने वाले दिनों में अलग-अलग जिलों में पुलिस की ओर से और क्या-क्या कार्यक्रम और कार्रवाइयों की जाएगी इसके बारे में भी जानकारी हासिल की मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश के सभी जिलों के अपराधों से जुड़ी सभी जानकारी के बारे में आवश्यक फीडबैक भी लिया तथा अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया मुख्यमंत्री शर्मा ने पुलिस थानों में पब्लिक के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए तथा महिलाओं,दलित,शोषित, गरीब निर्धन व्यक्ति की शिकायतों का प्रभावी तरीके से निस्तारण करने के बारे में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए उन्होंने पब्लिक के साथ पुलिस का दोस्ताना संबंध हो इस दिशा में नए-नए नवाचार और नए-नए तरीकों के माध्यम से पुलिस को अपने काम को अंजाम देने की बात कही ।इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा ने पुलिस अधिकारियों से प्रदेश की शांति और कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के संदर्भ में आवश्यक सुझाव लिए तथा पुलिस अधिकारियों से ड्यूटी के दौरान उनके सामने आने वाली समस्याओं और चुनौतियों के बारे में भी पूछा औरकहा कि पुलिस की समस्याओं के निस्तारण के लिए भी संकल्पित है और सरकार यह भी जानती है कि राजस्थान पुलिस के पास संसाधन और नफरी की काफी कमी है लेकिन इसके बावजूद भी राजस्थान पुलिस अच्छा काम कर रही है इसके लिए उन्होंने पुलिस अधिकारियों को धन्यवाद भी दिया लेकिन मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि साइबर क्राइम के निस्तारण के लिए पुलिस को ज्यादा गंभीरता से काम करने की जरूरत है मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि जिस तरह से पिछले कई महीनो से लगातार प्रदेश भर में बम होने की फर्जी सूचना आए दिन दी जा रही है इन मामलों की जांच पड़ताल में पुलिस को नए तरीके डेवलप करने की जरूरत है।

# किसान ही है जो हारी हुई जंग जितता है, खेती के चक्र में बदलाव करने पर ही किसान सशक्त होगा : भजनलाल शर्मा

**जयपुर (का.सं.)**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि एक किसान ही है जो हमेशा हारी हुई जंग जितता है उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि अगर किसानों को वर्तमान परिस्थितियों में खुद को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है तो उन्हें अपने खेती के चक्र को बदलना होगा। उन्होंने कहा कि खेती में नवीनतम तकनीक और परंपरागत संसाधनों के माध्यम से किसान अच्छी खेती करके खुद का, समाज का प्रदेश का और देश का विकास कर सकता है मुख्यमंत्री शर्मा शुक्रवार को राजधानी जयपुर में ग्लोबल राजस्थान एग्रोटेक मीट 2026 के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और निर्देशन तथा केंद्र सरकार के सहयोग से हमारी सरकार ने पिछले सवा दो साल में किसान और खेती के कल्याण और विकास के लिए कई बड़े निर्णय और कई बड़े फैसले लिए हैं लेकिन किसानों को भी अब सरकार का साथ देना होगा किसानों को भी कम से कदम मिलाकर सरकार के साथ चलना होगा। अगर किसान यह सोच कर बैठ जाएगा कि सब कुछ सरकार ही करेगी तो ऐसा कैसे संभव है उन्होंने कहा कि हमने पिछले सवा दो साल में किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए कई कदम उठाए जिसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि की राशि को हमारी सरकार ने बढ़ाया है और हम प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि राशि को 12000 कर रहे हैं इसके अलावा अगले साल तक प्रदेश के सभी जिलों में किसान को दिन में भी बिजली उपलब्ध करवाएंगे वर्तमान में प्रदेश में 24 जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम में मौजूद किसानों से आग्रह किया कि जमीन में सिंचाई के लिए पानी का ध्यानपूर्वक उपयोग करें और फसल को जितनी जरूरत है उतना ही पानी दें इसके लिए इसके लिए फवारा पद्धति के माध्यम से खेत में पानी का उपयोग करेंगे तो बहुत अच्छा नतीजा देखने को मिलेगा उन्होंने फवारा पद्धति से सिंचाई करने से पानी की भी बचत होगी और फसल को इसकी आवश्यकता के अनुसार पानी मिलेगा उन्होंने कहा कि इसी तरह से खेत में यूरिया और डीएपी खाद का भी जरूरत के हिसाब से ही उपयोग करें मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि आजकल यह देखने में आता है कि किस अच्छी फसल के लिए बहुत ज्यादा आवश्यकता से अधिक यूरिया और डीएपी खेत में डाल देते हैं जिसकी वजह से जमीन की उर्वरा शक्ति कमजोर हो रही है ।




CMYK

## नवनियुक्त ओबीसी विभाग के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश ढहलावास ने जताया आभार



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** कांग्रेस पार्टी ने ओबीसी विभाग का ओमप्रकाश ढहलाबास को जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। ढ़हलावास ने इस मनोनयन पर कांग्रेस नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का अपनी पूरी टीम के साथ फूल बाग पहुंचकर साफा, बड़ी माला व गुलदस्ता भेंट कर आभार जताया इस मौके पर ओमप्रकाश ढहलाबास ने कहा कि मैं सभी कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व का आभारी हूं और मुझे जो जिम्मेदारी कांग्रेस पार्टी ने सौंपी है उस जिम्मेदारी पर मैं पूर्ण रूप से खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा और प्रत्येक कार्यकर्ता को साथ लेकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करूंगा।

## प्रवेशोत्सव अभियान का निरीक्षण, नवीन प्रवेश लेने वाले बच्चों का किया तिलक लगाकर स्वागत



जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** शिक्षा विभाग के दिशा निर्देश अनुसार प्रवेशोत्सव अभियान के तृतीय चरण के तहत शुक्रवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने अलेई, तालाब, घेवर तथा श्रीचंदपुरा ग्राम पंचायत में विद्यालय स्टाफ के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर सर्वे कार्य का निरीक्षण किया। वहीं अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी युवराज शर्मा ने टहला, राजौरगढ़, मल्लाना, लोसल गुजरान के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए राजकीय विद्यालयों में नामांकन करवाने पर जोर दिया। उन्होंने पीईईओ परीक्षेत्र में शिक्षकों के साथ बातचीत कर नामांकन बढ़ाने के प्रयासों की समीक्षा की और पीईईओ क्षेत्र में प्रवेशोत्सव सर्वे की प्रगति का जायजा लिया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने विद्यालय स्टाफ को घर-घर संपर्क कर अधिक से अधिक अभिभावकों को सरकारी विद्यालयों में राज्य सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में बताकर बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रत्येक शिक्षक को शिक्षा के अधिकार को हर बच्चे तक पहुंचाने की जिम्मेदारी पर जोर दिया। उन्होंने ड्रॉप आउट बच्चों को विद्यालय से जोड़ने तथा नवीन प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को शैक्षणिक वातावरण बनाने पर विशेष बल दिया। इस दौरान विद्यालयों में नवीन प्रवेश लेने वाले बच्चों का पारंपरिक तरीके से तिलक लगाकर तथा माला पहनाकर स्वागत किया।

## नरसिंह हनुमान मंदिर में पुजारी महासंघ की बैठक

### कटी घाटी हनुमान मंदिर पर होगा पुजारी महासम्मेलन व विचार गोष्ठी



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान पुजारी महासंघ की बैठक शुक्रवार को नरसिंह हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में आगामी पुजारी महासम्मेलन एवं विचार गोष्ठी के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। महासंघ के पंडित विवेकानन्द शर्मा ने बताया कि राजस्थान पुजारी महासंघ, अलवर के तत्वावधान में कटी घाटी हनुमान मंदिर पर पुजारी महासम्मेलन एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में जिले के पुजारी एकत्रित होकर मंदिरों से जुड़े विभिन्न विषयों और समस्याओं पर विचार-विमर्श करेंगे तथा मंदिर व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी साझा किए जाएंगे। बैठक में सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक पुजारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर आचार्य राजेन्द्र शर्मा (अध्यक्ष), महेश चंद शर्मा (महामंत्री), पंडित मोनू शर्मा (कोषाध्यक्ष), पंडित विवेकानन्द शर्मा, अनिल शर्मा, श्याम सुंदर पाराशर, कंचन शर्मा, योगानंद शर्मा, राजकुमार शर्मा, नत्थू राम शास्त्री, रघुवीर शर्मा, रमाकांत शर्मा, योगेश शर्मा व देवराज शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### जिला कलक्टर ने चिकित्सा विभाग एवं आयुर्वेद विभाग कि ली बैठक

# हीट वेव के दौरान अनावश्यक धूप में ना निकलें, बरतें आवश्यक सावधानी- जिला कलक्टर

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा।** जिला कलक्टर अतुल प्रकाश की अध्यक्षता में शुक्रवार को चिकित्सा विभाग एवं आयुर्वेद विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए जिला कलेक्टर ने आमजन से हीट वेव से बचाव रखने की अपील की है। विशेषकर बच्चों, बूढ़ों, गर्भवतियों तथा बीमार व्यक्तियों द्वारा एहतियात बरतने पर जोर दिया गया है।
जिला कलक्टर अतुल प्रकाश ने बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सभी अस्पतालों में लू-तापघात के रोगियों के लिए गाइडलाइन अनुसार बैड आरक्षित रखते हुए वहां कूलर व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, संस्थान में रोगी के उपचार के लिए आपातकालीन किट में ओरआरएस, ड्रिपसेट, फ्लूड एवं आवश्यक दवाईयां रखने के निर्देश दिए हैं। बैठक के दौरान उन्होंने चिकित्सा विभाग एवं आयुर्वेद विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बैठक के दौरान चिकित्सा विभाग द्वारा कोमन एनसीडी स्क्रीनिंग, लाडो योजना की प्रगति, जिले की एनक्यूएएस रैंकिंग सहित आयुर्वेद विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने आमजन के लिए जारी अपील में कहा है कि आगामी ग्रीष्म ऋतु में हीट वेव के दौरान जहां तक संभव हो धूप में न निकलें। निकलें तो शरीर पूर्ण तरह से ढका हो। सफेद या हल्के रंग के ढीले व सूती कपड़ों का उपयोग करें। लू तापघात से प्राय: कुपोषित बच्चे, बीमार, वृद्ध, गर्भवती महिलाऐं और श्रमिक आदि शीध्र प्रभावित हो सकते हैं। इन्हे प्रातः 10 बजे से सांय 6 बजें तक तेज गर्मी से बचाने के लिए छायादार ठंडे स्थान पर रहने का प्रयास करें। लू के लक्षण प्रतीत होने पर तुरंत प्राथमिक उपचार करते हुए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं।



### लू-तापघात से बचाव के लिये ये सावधानियां बरतें

* बहुत अधिक भीड़, गर्म घुटन भरे कमरों से बचें, रेल बस आदि की यात्रा अत्यावश्यक होने पर ही करें।
* बिना भोजन किये बाहर न निकलें। भोजन करके एवं पानी पी कर ही बाहर निकलें।
* सड़े-गले फल व बासी सब्जियों का उपयोग हरगिज ना करें।
* गर्दन के पिछले भाग कान एवं सिर को गमछे या तौलिये से ढक कर ही धूप में निकलें। रंगीन चश्में एवं छतरी का प्रयोग करें।
* गर्मी मे हमेशा पानी एवं पेय पदार्थो जैसे नींबू पानी, नारियल पानी, ज्यूस आदि का प्रयोग करते रहें।
* अकाल राहत कार्यों पर अथवा श्रमिकों के कार्यस्थल पर छाया एवं पानी का पूर्ण प्रबन्ध रखा जावे, ताकि श्रमिक थोडी-थोडी देर में छायादार स्थानों पर विश्राम कर सकें।
* कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक से बचें।

### लू तापघात के लक्षण

सीएमएचओ डॉ. अरविंद गेट के अनुसार शरीर में लवण व पानी अपर्याप्त होने पर विषम गर्म वातावरण में लू व तापघात निम्नांकित लक्षणों के द्वारा प्रभावी होता है-

* सिर का भारीपन व सिरदर्द।
* अधिक प्यास लगाना व शरीर में भारीपन के साथ थकावट।
* जी मिचलाना, सिर चकराना व शरीर का तापमान बढ़ना (105 एफ या अधिक)।
* पसीना आना बंद होना, मुंह का लाल हो जाना व त्वचा का सूखा होना।
* अत्यधिक प्यास का लगना, बेहोशी जैसी स्थिति का होना।

### क्या है लू तापघात

चिकित्सकीय दृष्टि से लू तापघात के लक्षण लवण व पानी की आवश्यकता व अनुपात विकृति के कारण होती है। मस्तिष्क का एक केंद्र जो मानव के तापमान को सामान्य बनाए रखता है, काम करना छोड़ देता है। लाल रक्त कोशिकाएं रक्त वाहिनियों में टूट जाती हैं व कोशिकाओं में जो पोटेशियम लवण होता है वह रक्त संचार में आ जाता है जिससे हृदय गति, शरीर के अन्य अंग व अवयव प्रभावित होकर लू तापघात के रोगी को मौत के मुंह में धकेल देते हैं।

### लू-तापघात से प्रभावित व्यक्ति का तत्काल ऐसे करें प्राथमिक उपचार

लू तापघात से प्रभावित रोगी को तुरंत छायादार जगह पर कपड़े ढीले कर लेटा दिया जावे एवं हवा करें। व्यक्ति को तुरंत ठंडा पानी, ओआरएस, नींबू पानी, नारियल पानी, कच्चे आम का पना जैसे पेय पदार्थ पिलाएं। पानी व बर्फ से शरीर को ठंडा करने का प्रयास करें फिर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर जाएं। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अरविंद गेट, सहायक निदेशक आयुर्वेद विभाग अजीत बाल्याण सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### श्री श्याम वंदना महोत्सव आज

## बाड़मेर के कलाकार छोटू सिंह रावना और वृंदावन से पारस लाडला के साथ माधवी शर्मा करेंगे बाबा का गुणगान

### बाबा का दरबार होगा भव्य आकर्षक का केंद्र



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** श्री श्याम परिवार सेवा समिति का चतुर्दशम वंदना महोत्सव 11 अप्रैल, शनिवार को दशहरा मैदान में होगा।
श्री श्याम परिवार सेवा समिति के प्रवक्ता महेंद्र गोयल ने शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि यह आयोजन समिति के संरक्षक अशोक जैन एगोनी के सान्निध्य में होने जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विशेष आकर्षण के रूप में गायक कलाकार छोटू सिंह रावणा बाड़मेर से आ रहे हैं। वहीं वृंदावन से पारस लाडला व माधवी शर्मा भी अपने मधुर भजनों की प्रस्तुति बाबा की दरबार में देगी। इसके अलावा अलवर से संजय शर्मा एवं मोहन यदुवंशी भी बाबा का गुणगान करेंगे।
श्री श्याम परिवार सेवा समिति की ओर से आयोजित पत्रकार वार्ता में संरक्षक राजेंद्र चौधरी, विमल जैन, कमल जैन, अनिल जैन मुंशी बाग वाले, कुशल कुमार जैन जैन मेडिकल वाले एवं प्रदीप जैन मौजपुर से पधारे सभी श्याम परिवार सेवा समिति के सदस्यों ने मीडिया सदस्यों का एवं अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया।
इस बार कार्यक्रम की मुख्य विशेषता श्री श्याम वंदना महोत्सव के साथ-साथ भव्य भंडारा भी आयोजित होगा।
श्री श्याम वंदना महोत्सव की पूर्व संध्या पर मेहंदी का आयोजन किया गया। जिसमें मंडल के सभी सदस्यों एवं उनके परिवार के सदस्यों के भी हाथों में मेहंदी लगाई गई। इस बार श्री श्याम परिवार सेवा समिति ने महिला समिति का भी गठन किया जो इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर अपनी सेवाएं दें रहीं हैं।
उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खाटू वाले श्याम बाबा होंगे। अति विशिष्ट अतिथि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव एवं प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली, तिजारा विधायक बाबा बालक नाथ योगी, रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह, कठूमर विधायक रमेश खींची, होंगे।
इस मौके पर अशोक अगोनीज, राकेश जैन गुरुग्राम से, मनीष जैन फिरोजपुर झिरका नगर पालिका आदि अनेक अतिथि उपस्थित शामिल होंगे।

## बार काउंसिल ऑफ राजस्थान चुनाव: प्रत्याशी राजेंद्र खंडेलवाल का भरतपुर संभाग दौरा

### अधिवक्ताओं से जनसंपर्क कर मांगा समर्थन, समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा



जयपुर टाइम्स

**बृजनगर/अलवर(निसं.)।** बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के सदस्य पद के प्रत्याशी अधिवक्ता राजेंद्र खंडेलवाल ने चुनाव प्रचार के तहत भरतपुर संभाग का दौरा कर विभिन्न बार एसोसिएशनों में अधिवक्ताओं से जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं से मुलाकात कर समर्थन मांगा और उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। खंडेलवाल ने बृजनगर, सीकरी पहाड़ी, डीग, कामा और कुम्हेर सहित कई बार एसोसिएशनों का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ आत्मीय मुलाकात कर अधिवक्ताओं की समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं पर चर्चा की तथा उनके समाधान के लिए गंभीरता से प्रयास करने का आश्वासन दिया। दौरे के दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें पूर्ण समर्थन देने का भरोसा दिलाया। राजेंद्र खंडेलवाल ने सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अधिवक्ता समाज के अधिकार, सम्मान और कल्याण के लिए सदैव निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर बृजनगर में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन शर्मा, दीनदयाल गर्ग, रूप सिंह गुर्जर, हुकम सिंह यादव एडवोकेट, अशोक गुप्ता, बृजेश खंडेलवाल, श्यामसुंदर अवस्थी, दिनेश शर्मा, संजीव मदन, जाकिर हुसैन और श्याम बाबू सेठी मौजूद रहे। वहीं कुम्हेर में उपाध्यक्ष मुकेश खोकर, अभिषेक जैन, तेजेंद्र फौजदार सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## एलपीजी के अवैध संग्रहण पर तीन गैस सिलेंडर जब्त



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन प्रवर्तन जांच दल द्वारा एलपीजी गैस के अवैध संग्रहण, परिवहन एवं व्यापार को रोकने के उद्देश्य से बख्तल की चौकी पर किराना स्टोर में कार्रवाई कर 3 गैस सिलेंडर एवं अन्य उपकरण जब्त किए गए। जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने बताया कि बख्तल की चौकी के पास बडी मस्जिद के सामने अकबर खान की किराना स्टोर की दुकान में जांच करने पर 2 घरेलू एवं 1 व्यावसायिक गैस सिलेंडर आंशिक भरे पाए गए एवं 1 गैस रिफलिंग की इलेक्ट्रिक मोटर जिसमें रिफलिंग हेतु रेग्यूलेटर एवं पाइप फिट किए थे तथा 1 इलेक्ट्रॉनिक काटा मौजूद पाया गया, जिसे मौके पर ही जब्त कर सुरक्षार्थ मैसर्स सुमन गैस एजेन्सी को सुपुर्द किया गया तथा अकबर खान के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में गैस सिलेंडर्स की पर्याप्त उपलब्धता है। अतः आमजन से अनुरोध है कि बिना आवश्यकता के सिलेंडर की बुकिंग नहीं कराए, ताकि सभी को यथासमय गैस उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में शहरी क्षेत्र में 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन में बुकिंग हो रही है। घरेलू गैस सिलेंडर्स उनके वास्तविक उपभोक्ताओं तक पहुंच सके इस हेतु सिलेंडर्स की डिलीवरी शत-प्रतिशत ओटीपी द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर द्वारा जिला नोडल अधिकारी को आदेश की पालना सुनिश्चित करने हेतु समस्त गैस एजेंसियों को निर्देशित कर दिया गया है। इस दौरान प्रवर्तन अधिकारी रणधीर सिंह, बनवारी लाल शर्मा, अमित कुमार यादव, उप निरीक्षक पुलिस मदन लाल, प्रवर्तन निरीक्षक कुलदीप जैमन एवं मुंशीराम मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर योजनाओं की समीक्षा को लेकर दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार, खैरथल-तिजारा में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
बैठक में सांसद/विधायक स्थानीय क्षेत्रीय विकास योजना, मेवात क्षेत्रीय विकास योजना, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पण्डित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना, पंच-गौरव योजना, डीएमएफटी, गुरू गोलवलकर आकांक्षी योजना, जल संचय जनभागीदारी, मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान एवं अटल ज्ञान केन्द्र सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।
जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी योजनाओं में क्रियान्वयन समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने, पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभान्वित करने तथा योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी पंचायत समितियों के विकास अधिकारी एवं सहायक अभियंताओं ने अपनी-अपनी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान जिला कलक्टर ने योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सालुखे गौरव रविंदर, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामदयाल, सहायक निदेशक उद्यानिकी गोपाल मीणा, बीडीओ संजय यादव सहित जिला परिषद के सहायक अभियंता एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर ने ली आवंटन समिति की बैठक

### नगर विकास न्यास की योजनाओं में लंबित प्रकरणों का गुणवत्ता के निस्तारण करने के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में नगर विकास न्यास के नागरिक सेवा केंद्र के नीलामी कक्ष में आवंटन समिति की बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने नगर विकास न्यास की योजनाओं में लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया। उन्होंने निर्देश दिये कि शेष रहे प्रकरणों के निस्तारण के लिए आगामी दो माह में आवंटन समिति की बैठक आयोजित की जावे। बैठक में न्यास की अवार्डेड योजना शालीमार नगर, विज्ञान नगर, अम्बेडकर नगर, बुध विहार, सूर्य नगर को जोडने वाली 200 फुट सडक, वैशाली नगर व अन्य में नगर मुआवजा राशि की एवज में शेष रहे हितबद्धधारियों/खातेदारों को 20' आवासीय विकसित भूमि एवं 5' व्यावसायिक विकसित भूमि के संबंध में 15 प्रकरणों में निर्णय लिए गए। बैठक में इन योजनाओं में शेष रहे करीब 50 हितबद्धधारी/खातेदारों ने बैठक में भाग लेकर अपना पक्ष रखा। बैठक में नगर विकास न्यास सचिव स्नेहल धायगुडे नाना, भूमि अवाप्ति अधिकारी जितेन्द्र सिंह नरूका, अधिशासी अभियन्ता अशोक मदान, वरिष्ठ विधि अधिकारी चरण सिंह, वरिष्ठ लेखाधिकारी मनमोहन गुप्ता, उप नगर नियोजक संध्या सैनी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्रामीण युवाओं के लिए नि:शुल्क फ्रिज व एसी रिपेयर प्रशिक्षण 13 अप्रैल से

**अलवर(निसं.)।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरसेटी), अलवर द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं के लिए फ्रिज व एसी सर्विस एवं रिपेयर का 30 दिवसीय नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संस्थान सामुदायिक भवन, केशव नगर स्कीम नं. 13, प्रतापबास अलवर में स्थित है। संस्थान के अनुसार प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को तकनीकी कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। पिछले वर्ष आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले कई प्रशिक्षणार्थी वर्तमान में स्वयं का रोजगार शुरू कर अच्छी आजीविका कमा रहे हैं। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिभागियों के लिए रहने, खाने, चाय और नाश्ते की नि:शुल्क व्यवस्था की जाएगी। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 अप्रैल से पीएनबी आरसेटी अलवर में शुरू होगा। इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान कार्यालय में जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर स्वीकार किए जाएंगे। संस्थान ने बताया कि आवेदनकर्ता की आयु 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वह अलवर, खैरथल-तिजारा या कोटपुतली-बहरोड़ जिले के किसी भी गांव का स्थायी निवासी होना चाहिए। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास निर्धारित की गई है। स्वयं सहायता समूह, बीपीएल, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं प्रधानमंत्री अंत्योदय योजना से जुड़े परिवारों के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 0144-2940830 या 9462194801 पर प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

## इनकम टैक्स के छापे का दर्द दिखाकर 90 लाख रुपए ठग लिए दो जने गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** शहर में मुरलीपुरा थाना पुलिस ने इनकम टैक्स के छापे का डर दिखाकर 90 लाख रुपए हड़पने वाले दो जनों को गिरफ्तार किया है गिरफ्तार अभियुक्त बाबूलाल वर्मा और रोहित है पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ कर यह भी पता लग रही है की ठगी की यह पहली वारदात है या से पूछताछ कर यह भी पता लग रही है की ठगी की यह उनकी पहली ही वारदात है या फिर इस तरह की वारदातें पूर्व में भी दे चुके हैं इस बारे में पुलिस जांच पड़ताल कर रही है इसके अलावा गिरफ्तार अभियुक्त होने पीड़ित व्यक्ति से इनकम टैक्स छापे का डर दिखाकर 90 लख रुपए हड़प लिए इस रकम में से गिरफ्तार अभियुक्त होने अपना गोल्ड लोन चुकाया और बाकी के पैसों से प्लाट खरीदने की योजना तैयार कर रहे थे पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों से ठगी की रकम का एक बड़ाहिस्सा बरामद कर लिया है ।

## लालसोट में युवक के गोली मारी, इलाके में दहशत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के दौसा जिले में लालसोट में कैथून रोड पर एक युवक के गोली मार दी गई जिसकी वजह से वह मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है दिनदहाड़े हुए इस गोली कांड के बाद इलाके के लोगों में दहशत फैल गई है युवक के गोली किसने मारी और किस वजह से गोली मारी गई इन सवालों के खबर लिखे जाने तक पुलिस जवाब हासिल नहीं कर पाई थी और ना ही पुलिस ने इसके बारे में मीडिया से कोई जानकारी शेयर की है हालांकि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है घटनास्थल का मौका मुआयना किया है तथा आवश्यक तथ्य और सबूत भी जुटे हैं फिलहाल पुलिस की कोशिश है कि घायल युवक जल्दी ही स्वस्थ हो जाए क्योंकि पुलिस को संदेह है कि आपस के विवाद की वजह से यह गोली कांड हुआ है और कहीं ना कहीं घायल व्यक्ति यह अच्छी तरह से जानता है कि उसके साथ यह वारदात क्यों हुई है इस संदर्भ में पुलिस घायल व्यक्ति के परिजनों से भी पूछताछ कर रही है तथा घायल व्यक्ति के मोबाइल फोन की भी जांच पड़ताल की जा रही है घायल व्यक्ति का किसी से विवाद या झगड़ा चल रहा था इस बात की जानकारी भी घायल व्यक्ति के परिजनों से मालूम करने का प्रयास किया जा रहा है घायल व्यक्ति का नाम धर्मेंद्र बताया जा रहा है बड़ी बात यह है कि लालसोट में जिस तरह से दिनदहाड़े यह गोलीकांड हुआ है इस गोली कांड को लेकर आम जन के अलावा व्यापार जगत से जुड़े लोगों में भी घबराहट छा गई है व्यापार जगत से जुड़े लोगों का कहना है की दिनदहाड़े इस तरह की घटना होना पुलिस की कार्यशैली पर कहीं ना कहीं सवालिया निशान खड़ा करती है पुलिस को इलाके में अपनी निगरानी को और मजबूत करने के लिए कड़े कदम उठाने होंगे ताकि फिर से इस तरह की घटना देखने को नहीं मिले ।

## चांदी 9000 और सोना 500 रुपए हुआ महंगा, चांदी 247500 रुपए किलो में बिकी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर सराफा बाजार में प्रदेश में गुरुवार को जहां चांदी की कीमत में भारी कमी देखने को मिली तो शुक्रवार को ही चांदी की कीमत में अचानक तेजी देखने को मिली शुक्रवार को जयपुर सराफा बाजार में चांदी 9000 रुपए और सोने में.500 रुपए की तेजी देखने को मिली जयपुर सराफा बाजार में चांदी 247500 रुपए किलो में शुक्रवार को बेची गई इसी तरह से शुक्रवार को जेवराती सोना 144200 रुपए प्रति 10 ग्राम और शुद्ध सोना 154200 रुपए प्रति 10 ग्राम के हिसाब से सुनिश्चित था इस तरह से जयपुर सराफा बाजार में चांदी और सोने की कीमत में कभी तेजी और कभी गिरावट होने से लोगों में इनकी कीमत को लेकर हमेशा असमंजस की स्थिति बनी रहती है इसी वजह से लोग सोने और चांदी की खरीदारी में इस समय ज्यादा दिलचस्पी नहीं ले रहे जिनके घरों में शादी होती है अक्सर वहीं लोग मजबूरी में सोने और चांदी की खरीदारी के लिए जयपुर सराफा बाजार में नजर आते हैं इनमें भी अधिकांश लोग अपनी पुरानी चांदी बेचकर उन पैसों में सोने और चांदी के आभूषण खरीदते हुए नजर आते थे इसलिए सोने और चांदी की खरीदारी में अब पहले जितनी दिलचस्पी लोगों की नहीं रह गई है इसकी वजह यही है कि सोने और चांदी की कीमत में निरंतर जो जोरदार उतार चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है उसकी वजह से जो लोग पहले सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने में ज्यादा दिलचस्पी लेते थे उनमें अधिकांश लोगों ने अब सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने की बजाय जमीन जायदाद और रियल स्टेट के कारोबार में इन्वेस्ट करने में ज्यादा रुचि ले रहे हैं वजह यही है कि अभी लोगों को सोने और चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव दिख रहा है उसकी वजह से लोगों को ऐसा लगता है कि सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने से उन्हें नुकसान भी हो सकता है इसलिए सोने और चांदी में जो लोग पहले इन्वेस्ट किया करते थे वह अब भाव में हो रहे उतार-चढ़ाव की वजह से इन्वेस्ट नहीं कर रहे ।

## अपनी सरकार की नाकामियों को छुपाने के लिए दूसरों पर दोषारोपण करना ठीक नहीं, जनता कभी माफ नहीं करेगी: राजेन्द्र गहलोत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने अशोक गहलोत की टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 21 अप्रैल 2026 को पचपदरा रिफाइनरी के उद्घाटन कार्यक्रम पर अनायास टिप्पणी करना औंछी राजनीति को दर्शाता है। जब वे मुख्यमंत्री थे, तब रिफाइनरी के लिए न कोई निश्चित स्थान तय किया गया था न ठोस प्लानिंग की गई थी और न ही बजट का पूर्वानुमान लगाया गया था, केवल वाहवाही लूटने के लिए जल्दबाजी में शिलान्यास कर दिया गया था। 2016 में भाजपा सरकार ने सही स्थान और उचित बजट तय किया। लेकिन 2018 से 2023 तक गहलोत सरकार ने रिफाइनरी पर कोई काम नहीं किया। वे केवल कुर्सी बचाने के चक्कर में जयपुर-दिल्ली चक्कर काटते रहे। दिसंबर 2023 राजस्थान में भाजपा सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को साकार करने के लिए इस रिफाइनरी प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 2-4 बार स्थल पर जाकर निरीक्षण किया और मात्र दो वर्षों में ही काम पूरा कर दिखाया। 21 अप्रैल 2026 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पचपदरा रिफाइनरी का उद्घाटन करेंगे। इससे राजस्थान के हजारों युवाओं को रोजगार, पश्चिमी राजस्थान व बाड़मेर में बेहतर परिवहन सुविधाएँ और स्थानीय लोगों के लिए नए आर्थिक अवसर सृजित होंगे। भारतमाला जैसी दूरदर्शी योजनाओं से बाड़मेर मे औद्योगिक विकास तेज हुआ है। रिफाइनरी को रेलमार्ग 262 किमी इनलैंड जलमार्ग और 700 किमी पाइपलाइन से जोड़ने का काम चल रहा है। अशोक गहलोत को अपनी पुरानी सरकार की असफलताओं पर विचार करते हुए बाडमेर के विकास में रिफाइनरी के उद्घाटन कार्यक्रम पर अनायास टिप्पणी नहीं करना चाहिए।

# मेरी 37 साल की सर्विस में कोई भी दाग नहीं लगा, मैं खुद जांच में सहयोग के लिए आया हूं : सुबोध अग्रवाल

### कोर्ट ने सुबोध अग्रवाल को 3 दिन के रिमांड पर भेजने के निर्देश दिए 13 तारीख को फिर से अग्रवाल को कोर्ट में किया जाएगा पेश

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में करीब 960 करोड रुपए के जल जीवन मिशन घोटाले में गिरफ्तार किए गए सुबोध अग्रवाल को भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की ओर से शुक्रवार को कोर्ट में पेश करके पूछताछ के लिए 5 दिन का डिमांड मांगा है लेकिन कोर्ट ने तीन दिन के रिमांड पर अग्रवाल को भेजने के निर्देश दिए, अब भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की ओर से 13 अप्रैल को अग्रवाल को फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा । उल्लेखनीय है कि कई दिनों की मेहनत के बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने सुबोध अग्रवाल को गुरुवार को दिल्ली में आखिरकार ढूंढ निकाला, एसीबी की टीम गुरुवार को ही अग्रवाल को दिल्ली से जयपुर लेकर आई और फिर उनसे कई घंटे तक पूछताछ की गई जल जीवन मिशन घोटाले में अग्रवाल से पहले नौ लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार में सुबोध अग्रवाल जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग में बड़े पद पर नियुक्त थे और जल जीवन मिशन योजना संबंधी तमाम तरह की फाइल अंततः अग्रवाल की टेबल तक ही पहुंचती थी अग्रवाल के फाइल क्लीयर करने के बाद ही फाइल का निपटारा होता था जब जल जीवन मिशन घोटाले में करोड़ों रुपए के घोटाले का पर्दाफाश हुआ उसके बाद इस मामले की जांच अलग-अलग एजेंसी की ओर से की गई इसी क्रम में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से भी जांच पड़ताल की गई इस बहुचर्चित घोटाले में पूर्व मंत्री महेश जोशी भी अरेस्ट हो चुके हैं इसके अलावा कई बड़े अधिकारी और निजी फॉर्म के संचालक तथा ठेकेदार भी अरेस्ट हुए हैं अग्रवाल की गिरफ्तारी काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है नियम और कानून के खिलाफ टेंडर जारी करने के मामले में अग्रवाल की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता क्योंकि अग्रवाल उस समय विभाग के सबसे बड़े अधिकारी थे इसलिए नियम और कानून के खिलाफ जारी किए गए टेंडर में कहीं ना कहीं अग्रवाल की भूमिका भी इस बारेमें जांच पड़ताल में इंटीग्रेशन ब्यूरो को पुख्ता संकेत और पक्के सबूत भी मिले हैं इसलिए पिछले कई महीनो से भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम अग्रवाल को पूछताछ के लिए ढूंढ रही थी लेकिन अग्रवाल एंटी करप्शन ब्यूरो के सामने आने से कतरा रहे थे जिसके बाद एंटी करप्शन ब्यूरो का संदेह और गहरा हो गया अग्रवाल को खोजने के लिए देश में कई शहरों में करीब डेढ़ सौ जगह पर एंटी करप्शन ब्यूरो की ओर से छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया यहां तक की फिल्म स्टार सलमान खान के मुंबई स्थित फार्म हाउस पर भी एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया था लेकिन अग्रवाल एंटी करप्शन ब्यूरो के पकड़ में नहीं आ पाए इस दौरान सूचना यह भी आएगी अग्रवाल खुद अपने वकील के माध्यम से एंटी करप्शन ब्यूरो के सामने आत्मसमर्पण करने के लिए तैयार हैं लेकिन गुरुवार को ही एंटी करप्शन ब्यूरो ने अग्रवाल को दिल्ली में ढूंढ निकाला और फिर पूछताछ के लिए उन्हें जयपुर लाया गया पत्रकारों से बातचीत के दौरान कोर्ट परिसर में सुबोध अग्रवाल के वकील ने बताया कि इस पूरे प्रकरण में अग्रवाल की कोई भूमिका नहीं है क्योंकि जैसे ही अग्रवाल को गड़बड़ी का पता चला उन्होंने बाकायदा खुद आगे बढ़कर जांच कमेटी का गठन किया और यहां तक कि मामला भी दर्ज करवाया फिर अग्रवाल की भूमिका कैसे हो सकती है दूसरी तरफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पास अग्रवाल के खिलाफ पक्के सबूत हैं इन सबूतो को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया है इसलिए अब तीन दिन तक अग्रवाल से जो पूछताछ होगी उसमें भी कई बड़ी जानकारियां निकाल कर सामने आ सकती है अग्रवाल से पूछताछ करने के लिए एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों की ओर से सवालों के एक लंबी लिस्ट तैयार की गई है आने वाले तीन दिन जल जीवन मिशन घोटाले में चल रही जांच के लिए काफी अहम साबित होने वाले हैं क्योंकि जब यह घोटाला हुआ था उस समय अग्रवाल सबसे महत्वपूर्ण पद पर थे इस दौरान पत्रकारों से बातचीत के दौरान सुबोध अग्रवाल ने यह भी कहा कि उन्होंने 37 साल की अपनी सर्विस में पूरी ईमानदारी से काम किया है और उन पर कभी भी किसी भी तरह का कोई भी दाग नहीं लगा है वह खुद एंटी करप्शन ब्यूरो की जांच में सहयोग करने के लिए आए हैं और उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है ।

## अशोक गहलोत प्रयास करते तो 20-25 साल पहले ही भरतपुर में रिफाइनरी लग जाती : घनश्याम तिवारी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी ने सरकारों से बातचीत के दौरान बताया कि अशोक गहलोत अपने पाप को छुपाने के लिए बाड़मेर की रिफाइनरी के बारे में गलत बयान बाजी कर रहे हैं अगर अशोक गहलोत चाहते और प्रयास करते तो आज से 20 25 साल पहले ही भरतपुर में रिफाइनरी लग जाती लेकिन कांग्रेस पार्टी की सरकार ने भरतपुर रिफाइनरी को मथुरा में शिफ्ट करवा दिया उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत बयान बाजी करके मीडिया में खुद को बनाए रखने का प्रयास करते हैं उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत यह भूल गए की पहले पचपदरा की रिफाइनरी का जो बजट तैयार किया गया था उसके बाद बाड़मेर की रिफाइनरी की वस्तु स्थिति में आमूलचूल परिवर्तन किया गया है रिफाइनरी का काफी विस्तार किया गया इसलिए बजट की राशि को बढ़ाना पड़ा उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार ने योजना को अटका के रखा जिसकी वजह से काम पूरा नहीं हो पाया लेकिन हमारी सरकार ने इस रिफाइनरी का विस्तार स्टार किया इसकी वजह से इसके निर्माण की अवधि का बढ़ना स्वाभाविक था लेकिन हमारी सरकार ने निर्धारित अवधि में ही इस रिफाइनरी के कार्य को कंप्लीट भी करवाया उन्होंने कहा कि बाड़मेर की रिफाइनरी से एक तरफ जहां प्रदेश मे बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा और यह रिफाइनरी प्रदेश के विकास में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली है इस रिफाइनरी से पश्चिमी राजस्थान में विकास का एक नया अध्याय शुरू होने वाला है तथा रिफाइनरी से प्रदेश की तिजोरी में भी अच्छा पैसा आएगा जो प्रदेश के विकास के काम आएगा घनश्याम तिवारी ने कहा कि अशोक गहलोत अब कांग्रेस पार्टी में साइड लाइन हो गए हैं कांग्रेस पार्टी की ओर से उन्हें कोई कार्य नहीं दिया जा रहा राजस्थान और दिल्ली दोनों ही जगह पर गहलोत का उपयोग नहीं किया जा रहा ऐसी स्थिति में गहलोत खुद को बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं और सोशल मीडिया के माध्यम से अपने पिछले पापों पर पर्दा डालने के प्रयास में भजनलाल सरकार के अच्छे कार्यों पर अनर्गल टिप्पणी करके सोशल मीडिया में अपनी उपस्थिति दिखाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन प्रदेश की जनता सब जानती है और सब देख रही है और प्रदेश की जनता ने पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार में जो तकलीफ सहन की है उसका दर्द जनता अब तक नहीं भूली है इसलिए गहलोत अनर्गल बयान बाजी करके प्रदेश की जनता में अलोकप्रिय होते जा रहे हैं ।

## मां और दो बेटों ने सुसाइड किया, पिता की मौत और बड़े बेटे की बीमारी से टूट गया था पूरा परिवार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के पाली के पास कॉलोनी आसपुरा टाउनशिप में एक बुजुर्ग महिला ने अपने दो बेटों के साथ आत्महत्या कर ली इस सामूहिक आत्महत्या की घटना के बाद आसपास के इलाके में रहने वाले लोग सकते में हैं जानकारी के अनुसार 59 साल की बुजुर्ग महिला शांति देवी और उसके छोटे बेटे 26 साल की रघुवर की बॉडी कमरे में फर्श पर पड़ी हुई मिली है तथा बड़े बेटे 34 साल के नरपत की बॉडी छत के पंखे से लटकी हुई मिली है पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया है मौके पर जहर की सीसी में मिली है इस आधार पर छोटे बेटे और मां के जहर खाकर तथा बड़े बेटे के फांसी लगाकर आत्महत्या करने के संकेत मिले हैं सुसाइड नोट में बड़े बेटे नरपत की बीमारी का हवाला दिया गया है बीमारी की वजह से पूरा परिवार शारीरिक और मानसिक रूप से काफी दुखी और परेशान था इसीलिए आत्महत्या का यह कदम उठाया इस पूरे मामले का खुलासा बड़े बेटे नरपत के मौसेरे भाई लक्ष्मण ने किया लक्ष्मण ने पुलिस को बताया कि 8 अप्रैल को नरपत ने उसको फोन करके कहा था कि उसके शरीर में घाव हैं इसलिए उपचार करवाने के लिए उसने लक्ष्मण को बुलवाया था लक्ष्मण ने अपने पड़ोसी लोगों से कहा भी था कि वह नरपत का इलाज करवाने जाएगा बाद में लक्ष्मण जब घर पहुंचा तो करके दरवाजे अंदर से बंद थे और घर से बदबू आ रही थी तब उसे शक हुआ उसने पुलिस को बुलवाया पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो कमरे का दृश्य देखकर पुलिस के अधिकारी भी आश्चर्यचकित रह गए क्योंकि बड़े बेटे नरपत की बॉडी पंखे से लटकी हुई थी तथा शांति देवी और उसके छोटे बेटे की बॉडी फर्श पर पड़ी हुई थी पुलिस ने तीनों बॉडी को कब्जे में किया सभी का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के कारण का ठीक तरह से खुलासा हो जाएगा वैसे यह पूरा मामला ओपन हो चुका है क्योंकि मौके पर सुसाइड नोट भी मिला है घर का दरवाजा अंदर से बंद था और घटना से पहले नरपत ने अपने रिश्तेदारों को कुछ फोटो और सभी परिवार के सदस्यों के आधार कार्ड इत्यादि व्हाट्सएप पर भेजे थे जिन्हें देखकर पुलिस का भी कहना है कि योजनाबद्ध तरीके से सामूहिक आत्महत्या की गई है । जानकारी के अनुसार नरपत के पिता मांगीलाल का 2 साल पहले ही हार्ट अटैक की वजह से निधन हो गया था मांगीलाल मिल में काम करते थे मेहनत करके उन्होंने यह मकान खरीदा था मांगीलाल की निधन के बाद परिवार के सदस्य पूरी तरह से टूट गए थे बड़ा बेटा भी मिल में काम करता था लेकिन बीमारी की वजह से वह काफी परेशान हो गया था जिसकी वजह से उसने मिल में जाना बंद कर दिया था छोटा बेटा मोबाइल शॉप की दुकान पर काम करता था घर में नरपति बीमारी को लेकर हमेशा टेंशन बना रहता था

## कांग्रेस के विजन का श्रेय लूट रही भाजपा, रिफाइनरी-मेट्रो का बीजारोपण कांग्रेस सरकार ने किया : टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को तथ्यों से परे और जनता को गुमराह करने वाला बताया है। जूली ने कहा कि भाजपा सरकार आज जिन परियोजनाओं को अपनी उपलब्धि बता रही है वे सभी कांग्रेस के दूरदर्शी विजन और प्रदेश को आगे ले जाने की हमारी सोच का परिणाम हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी बड़े प्रोजेक्ट के लिए काम शुरू करना ही सबसे बड़ी चुनौती और बड़ी बात होती है। इस ऐतिहासिक सच से कोई भी इनकार नहीं कर सकता कि चाहे जयपुर की मेट्रो हो या पचपदरा की रिफाइनरी, कांग्रेस सरकार ने ही इनका बीजारोपण किया और इन्हें धरातल पर उतारा। भाजपा ने केवल परियोजनाओं को अटकाने और लटकाने का पाप किया है, जबकि कांग्रेस का विजन हमेशा राजस्थान के औद्योगिक और आधारभूत ढांचे को मजबूत करना रहा है। जूली ने कहा कि पचपदरा रिफाइनरी पश्चिमी राजस्थान के भाग्य को बदलने वाला प्रोजेक्ट है, जिसे कांग्रेस ने अपनी प्रतिबद्धता से शुरू किया था। भाजपा ने केवल राजनीतिक द्वेष के चलते इस प्रोजेक्ट को वर्षों तक ठंडे बस्ते में डाले रखा, जिसके कारण इसकी लागत में भारी वृद्धि हुई और प्रदेश की जनता को मिलने वाले रोजगार में देरी हुई। आज भाजपा सरकार बढ़ी हुई लागत का श्रेय ले रही है जबकि सच यह है कि उन्होंने राजस्थान की जनता का कीमती समय और पैसा बर्बाद किया है। इसी प्रकार जयपुर मेट्रो की नींव और उसका संचालन कांग्रेस के विजन का ही परिणाम है। अब भाजपा इसका श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि इतिहास में यह दर्ज हो चुका है कि राजस्थान में आधुनिक परिवहन का युग कांग्रेस ही लेकर आई थी । यमुना जल समझौते पर भाजपा के दावों पर कड़ा प्रहार करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की प्यास बुझाने के बजाय केवल कागजी घोड़े दौड़ा रही है। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े वादे और एमओयू के बावजूद धरातल पर स्थिति शून्य है। भाजपा सरकार आज तक सिर्फ डीपीआर के खेल में ही उलझी हुई है जबकि वास्तविकता यह है कि आज तक यमुना की एक बूंद पानी लाने के लिए कोई ठोस कार्ययोजना तैयार नहीं हो सकी है और इस सरकार का लगभग आधा कार्यकाल ख़त्म हो चुका है। आमजन समझदार हैं, वो जानते हैं कि आधा वक़्त तो इन्होंने डीपीआर डीपीआर की रटंत में निकाल दिया और अब अगले चुनावों के लिए भमिका बना रहे है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राजस्थान की चरमराती कानून व्यवस्था पर गृह राज्यमंत्री को घेरते हुए कहा कि ऐसा लगता है जैसे सरकार का इकबाल पूरी तरह खत्म हो चुका है।

## सरकारी स्कूल की छत भर भराकर गिरी, आधी रात को दर्जन पर पट्टियां नीचे गिरी


जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के धौलपुर जिले में सरमथुरा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छत आधी रात को अचानक गिर गई छत की करीब दर्जन पर पट्टियां नीचे आगे यह तो गनीमत रही कि यह हादसा रात के समय हुआ इसलिए स्कूल पूरी तरह से बंद था अन्यथा अगर यह हादसा दिन में होता तो कई बच्चों की जान जा सकती थी इस हादसे के बाद इलाके के लोगों में आक्रोश छा गया है लोगों का कहना है कि अगर यह हादसा दिन में हो जाता तो हमारे नन्हे मुन्ने बच्चे मौत के मुंह में चले जाते सूचना मिलने के बाद पुलिस और प्रशासन से जुड़े अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों की टीम भी मौके पर गई है स्कूल की छत गिरने का पूरा दृश्य सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुआ है इस तरह का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है उल्लेखनीय है कि पिछले साल प्रदेश के झालावाड़ जिले में स्कूल की छत गिरने की वजह से बच्चों की मौत हो गई थी यह मामला राजस्थानी नहीं बल्कि पूरे देश में मीडिया की सुर्खियों में रहा इसके बाद प्रदेश की भजनलाल सरकार ने प्रदेश की सभी सरकारी स्कूलों के भवनों की जांच करवाने के आदेश जिला शिक्षा अधिकारी जिला प्रशासन और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को दिए थे इन सभी विभागों को सामूहिक रूप से सरकारी बिल्डिंगों और सरकारी स्कूलों के बिल्डिंगों की जांच करने को कहा था जिसके पास प्रदेश भर की सरकारी स्कूलों की बिल्डिंगों की जांच भी की गई जो बिल्डिंग बिल्कुल खराब हो चुकी है उन्हें पूरी तरह से ध्वस्त करके वहां नई बिल्डिंग बनाने और जो बिल्डिंग मरम्मत से ठीक हो सकती है उनकी मरम्मत करवाने के निर्देश भजनलाल सरकार की ओर से दिए गए थे अब जिस तरह से धौलपुर के सर मथुरा कि इस सरकारी स्कूल में छत गिरी है इस स्कूल की बिल्डिंग के बारे में संबंधित अधिकारियों ने जांच रिपोर्ट तैयार की या नहीं और अगर जांच रिपोर्ट तैयार करके स्कूल की बिल्डिंग के कमजोर होने का उल्लेख अपनी जांच रिपोर्ट में किया तो फिर इस बिल्डिंग की मरमत करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों ने आवश्यक कदम क्यों नहीं उठा क्योंकि सरकार ने बाकायदा सरकारी स्कूलों की बिल्डिंग की मरम्मत के लिए बजट भी आवंटित किया हुआ है फिर इस मामले में किसकी गलती और लापरवाही है इस बात का खुलासा होना चाहिए यह बात स्थानीय नागरिक भी कहते हैं क्योंकि नागरिकों का कहना है कि अगर यह हादसा दिन में हो जाता तो यहां झालावाड़ से भी ज्यादा बच्चे मौत के मुंह में जा सकते थे ।

# *मैं मई 2023 में ही घोटाले की शिकायत अशोक नगर थाने में दर्ज करवाने गया लेकिन पुलिस ने उन्हें ही अरेस्ट कर लिया : किरोड़ी मीणा*

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी मीणा ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि जल जीवन मिशन घोटाले के बारे में शिकायत दर्ज करवाने के लिए वे मई 2023 में जयपुर के अशोक नगर थाने में गए थे लेकिन उनकी शिकायत दर्ज करने की बजाय पुलिस ने उन्हें ही अरेस्ट कर लिया उन्होंने कहा कि इस घोटाले पर पिछली सरकार ने पर्दा डालने का प्रयास किया और घोटाले को पूरी तरह से दबा कर रखा लेकिन हमारी सरकार ने इस घोटाले की त्वरित गति से जांच की जो आज सबके सामने है कई लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है बड़े-बड़े लोगों की गिरफ्तारी हो रही है पत्रकारों से बातचीत के दौरान किरोड़ी मीणा ने कहा कि पिछली सरकार में लगातार एक के बाद एक घोटाले गड़बड़ियां पेपर लीक जैसी घटनाएं होती रही लेकिन तत्कालीन सरकार आंख मूंदकर बैठी रही वजह यही थी कि इन तमाम गड़बड़ियों में सरकार से जुड़े बड़े-बड़े लोगों का आशीर्वाद था बड़े-बड़े लोग शामिल थे इसलिए सरकार सभी मामलों को दबा कर रखी उन्होंने कहा कि उनके पूरे 5 साल सड़कों पर आंदोलन करने में ही बीत गए लेकिन सरकार ने उनकी और जनता की एक भी नहीं सुनी लेकिन प्रदेश में सरकार बदलने के साथ ही पिछली सरकार के सभी घोटाले गड़बड़ियां इत्यादि सभी की जान चल रही है पेपर लीक मामलों में भी जांच एजेंसियां तेजी से जांच कर रही हैं और दोषी लोगों की घर पकड़ लगातार जारी है किरोड़ी मीणा ने कहा कि पिछले सवा दो साल में प्रदेश की सरकार ने खेती और कृषक के कल्याण और विकास के लिए काफी अच्छा काम किया है प्राकृतिक आपदा बरसात से किसानों को जो नुकसान हुआ है।

## सम्पादकीय

### युद्धविराम के बाद नया दौर, तेल, गैस और वैश्विक बाजार पर असर की भविष्यवाणी



अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच शांति की राह खुलने से एक नई उम्मीद जगी है। एक माह से अधिक समय तक वार-पलटवार के बाद आखिरकार दोनों पक्ष दो सप्ताह के युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। ऐसे संकेत दिए जा रहे हैं कि शुक्रवार से पाकिस्तान के इस्लामाबाद में दोनों पक्षों के बीच समझौते को लेकर वार्ता शुरू हो सकती है। इस फैसले से दुनिया के उन देशों को भी फिलहाल राहत महसूस हो रही है, जिनका इस युद्ध से सीधे तौर पर कोई संबंध नहीं हैं, लेकिन होर्मुज जलमार्ग बाधित होने से उनके यहां तेल और गैस का संकट पैदा हो गया है। युद्धविराम के एलान का तात्कालिक असर यह हुआ कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के बढ़े दामों में अठारह फीसद की गिरावट दर्ज की गई। इससे निश्चित तौर पर तेल और गैस की कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी, लेकिन सवाल है कि क्या युद्धविराम स्थायी शांति में तब्दील हो पाएगा? यह प्रश्न इसलिए अहम है, क्योंकि खबरों के मुताबिक ईरान ने अपने प्रस्ताव में जो शर्तें रखी हैं, उन पर आम सहमति कायम करना आसान नहीं होगा। गौरतलब है कि अमेरिका और इजराइल की ओर से 28 फरवरी को ईरान पर हमले के साथ ही युद्ध का बिगुल बज गया था। इसका असर सिर्फ युद्ध में शामिल पक्षों तक ही सीमित नहीं रहा। खाड़ी देशों को जहां ईरान के मिसाइल हमलों का सामना करना पड़ा, वहीं भारत समेत कई अन्य देशों में तेल एवं गैस का संकट खड़ा हो गया। ईरान ने रणनीति के तहत हार्मुज जलमार्ग को अवरुद्ध कर दिया, जिससे वैश्विक आपूर्ति शृंखला प्रभावित हुई। इस कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दामों में उछाल से कई देशों में पेट्रोल-डीजल, एलपीजी और विमान ईंधन की कीमतें बढ़ गईं। अब दो सप्ताह की युद्धविराम की घोषणा से कुछ राहत जरूर मिलेगी, लेकिन उसके बाद भी हालात सामान्य रह पाएंगे या नहीं, इस संबंध में अभी अनिश्चितता बरकरार है। ऐसा इसलिए, क्योंकि दोनों पक्षों की ओर से बातचीत की शर्तों को लेकर अभी कोई स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। समझौता वार्ता में किस स्तर के प्रतिनिधि शामिल होंगे, इसका खुलासा भी अभी नहीं किया गया है। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि इससे पहले अमेरिका की ओर से दिए गए समझौता प्रस्ताव को ईरान ने सिरे से खारिज कर दिया था। अब जिस प्रस्ताव पर युद्धविराम को लेकर सहमति बनी है, वह ईरान की ओर से पेश किया गया है। खबरों के मुताबिक, ईरान ने अपने प्रस्ताव में कहा है कि उसे यूरेनियम संवर्धन जारी रखने की छूट दी जाए, जो परमाणु हथियार बनाने के लिए अहम है। जबकि, अमेरिका और इजराइल के हमले के पीछे प्रमुख कारण यही था कि ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना है। ऐसे में सवाल है कि क्या अमेरिका, ईरान की इस शर्त को स्वीकार करेगा। खबरों में कहा गया है कि ईरान ने क्षेत्र से अमेरिकी सैन्य बलों की वापसी, प्रतिबंधों को हटाना और उसकी जब्त संपत्तियों को वापस सौंपने की शर्त भी रखी है। यही नहीं, ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को इसी शर्त पर खोलने की बात कही है कि वह वहां से गुजरने वाले जहाजों से शुल्क लेगा

## सुरक्षित मातृत्व दिवस (Safe Motherhood Day)

सुरक्षित मातृत्व दिवस भारत में हर वर्ष 11 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव, उचित देखभाल और मातृ मृत्यु दर को कम करने के प्रति जागरूक करना है। यह दिन विशेष रूप से महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और चिकित्सा सुविधाओं की आवश्यकता को उजागर करता है।

भारत जैसे देश में, जहाँ बड़ी संख्या में महिलाएँ ग्रामीण क्षेत्रों में रहती हैं, वहाँ गर्भावस्था और प्रसव के दौरान जोखिम अधिक होता है। समय पर जांच, सही पोषण और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की सहायता से इन जोखिमों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। सुरक्षित मातृत्व का अर्थ है कि हर महिला को गर्भधारण से लेकर प्रसव और प्रसव के बाद तक उचित स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त हों।

गर्भावस्था के दौरान नियमित एंटेनाटल चेकअप (ANC) अत्यंत आवश्यक है। इससे माँ और शिशु दोनों की स्थिति का पता चलता है और किसी भी जटिलता को समय रहते पहचाना जा सकता है। आयरन, कैल्शियम और फोलिक एसिड की गोलियाँ माँ और बच्चे के स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी हैं। साथ ही, टीकाकरण जैसे टिटनेस का टीका भी अनिवार्य होता है।

संतुलित आहार भी सुरक्षित मातृत्व का महत्वपूर्ण हिस्सा है। गर्भवती महिला को हरी सब्जियाँ, फल, दूध, दालें और प्रोटीन युक्त भोजन लेना चाहिए। कुपोषण से माँ और बच्चे दोनों को खतरा हो सकता है। इसके अलावा, पर्याप्त आराम और मानसिक शांति भी उतनी ही आवश्यक है।

प्रसव के समय प्रशिक्षित डॉक्टर या नर्स की उपस्थिति बहुत जरूरी है। घर पर असुरक्षित प्रसव से कई बार गंभीर जटिलताएँ उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव को बढ़ावा देना चाहिए। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएँ जैसे जननी सुरक्षा योजना (JSY) और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY) महिलाओं को सुरक्षित प्रसव के लिए प्रोत्साहित करती हैं।

प्रसव के बाद भी माँ और शिशु की देखभाल बहुत महत्वपूर्ण होती है। नवजात शिशु को जन्म के तुरंत बाद स्तनपान कराना चाहिए, जिससे उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। माँ को भी उचित पोषण और आराम की आवश्यकता होती है ताकि वह जल्दी स्वस्थ हो सके।

सुरक्षित मातृत्व केवल एक स्वास्थ्य विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक जिम्मेदारी भी है। परिवार के सदस्यों को गर्भवती महिला का पूरा सहयोग करना चाहिए। समाज में जागरूकता फैलाकर ही हम मातृ मृत्यु दर को कम कर सकते हैं।

अंततः, सुरक्षित मातृत्व दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हर महिला को सुरक्षित और सम्मानजनक मातृत्व का अधिकार है। यदि हम समय पर देखभाल, सही जानकारी और उचित सुविधाएँ उपलब्ध कराएँ, तो हम एक स्वस्थ माँ और स्वस्थ बच्चे के साथ एक मजबूत समाज का निर्माण कर सकते हैं।

लेखक के निजी विचार



**Dr Neha Mourya**
**ConsultantÑ**
**ShreeRam hospital**
**Junior Consultant**
**Ñ CITY HOSPI-TAL**

# संसदीय कामकाज की बदलती संस्कृति

*ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित कर दशकों से चली आ रही परिपाटी को नई दिशा दी है। लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक एवं अपेक्षित हैं, किंतु वे मनभेद में परिवर्तित नहीं होने चाहिए। वैचारिक विविधता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता ही लोकतंत्र को जीवंत बनाती है। तथापि, मतभेदों की अभिव्यक्ति नियमों और संसदीय प्रक्रियाओं के दायरे में ही सार्थक होती है। ओम बिरला ने जिस संयम के साथ विभिन्न परिस्थितियों का सामना किया, वह न केवल सराहनीय है, अपितु विधानसभाओं के लिए भी एक आदर्श उदाहरण है। उनके कार्यकाल का एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण पहलू संसदीय प्रणाली के संस्थागत सुदृढ़ीकरण से संबंधित है। इसी दिशा में नवनिर्वाचित सांसदों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम (ओरिएंटेशन प्रोग्राम) एक सुव्यवस्थित और प्रभावी प्रशिक्षण सत्र के रूप में स्थापित किया गया, जो उन्हें संसदीय प्रक्रियाओं, नियमों, विधायी कार्य तथा उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों से सुपरिचित कराता है। इससे न केवल सांसदों की सदन में भागीदारी अधिक प्रभावी हुई, बल्कि बहसों की गुणवत्ता में भी ठोस सुधार परिलक्षित हुआ। संसदीय समिति प्रणाली विधायी प्रक्रिया की दक्षता, जवाबदेही और समावेशिता को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लोकसभा के संसदीय शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान 'प्राइड' (पार्लियामेंटरी रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट फार डेमोक्रेसीज) के माध्यम से विभिन्न विधानसभाओं तथा संसद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।*




भारत का लोकतंत्र बहुलतावाद पर आधारित राष्ट्रीयता की उस उदात्त कल्पना पर प्रतिष्ठित है, जिसमें विविधता को शक्ति माना गया है। भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी संवैधानिक संस्थाएं हैं। संसद इन संस्थाओं का सर्वोच्च मंच है। इस सदन में व्यक्त होने वाली हर आवाज देश के करोड़ों नागरिकों की आशाओं और अपेक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती है। लोकसभा अध्यक्ष का पद भारतीय संसदीय लोकतंत्र में सर्वोच्च गरिमापूर्ण, निष्पक्ष और शक्तिसंपन्न संवैधानिक पद है। संविधान के अनुच्छेद 93 के अंतर्गत निर्वाचित लोकसभा के अध्यक्ष/ उपाध्यक्ष सदन की कार्यवाही के सुचारु संचालन, नियमों के पालन, सांसदों के अनुशासन, विशेषाधिकारों की रक्षा और सदन की सर्वोच्चता बनाए रखने के लिए संरक्षक के रूप में कार्य करते हैं।

वर्तमान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को 19 जून, 2019 को 17वीं लोकसभा का अध्यक्ष सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। इस निर्वाचन में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ-साथ प्रमुख विपक्षी दलों ने भी अपना समर्थन दिया। यह व्यापक सहमति इस विश्वास का प्रमाण थी कि वे सदन को संतुलित, प्रभावी और अनुशासित रीति से संचालित करने की क्षमता रखते हैं। अध्यक्ष पद ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने जो सुधारात्मक प्रयास और संस्थागत नवाचार किए, उनसे न केवल लोकसभा की कार्य संस्कृति में सकारात्मक परिवर्तन आया, अपितु सदन की कार्यक्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित कर दशकों से चली आ रही परिपाटी को नई दिशा दी है। लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक एवं अपेक्षित हैं, किंतु वे मनभेद में परिवर्तित नहीं होने चाहिए। वैचारिक विविधता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता ही लोकतंत्र को जीवंत बनाती है। तथापि, मतभेदों की अभिव्यक्ति नियमों और संसदीय प्रक्रियाओं के दायरे में ही सार्थक होती है। ओम बिरला ने जिस संयम के साथ विभिन्न परिस्थितियों का सामना किया, वह न केवल सराहनीय है, अपितु विधानसभाओं के लिए भी एक आदर्श उदाहरण है। उनके कार्यकाल का एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण पहलू संसदीय प्रणाली के संस्थागत सुदृढ़ीकरण से संबंधित है। इसी दिशा में नवनिर्वाचित सांसदों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम (ओरिएंटेशन प्रोग्राम) एक सुव्यवस्थित और प्रभावी प्रशिक्षण सत्र के रूप में स्थापित किया गया, जो उन्हें संसदीय प्रक्रियाओं, नियमों, विधायी कार्य तथा उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों से सुपरिचित कराता है। इससे न केवल सांसदों की सदन में भागीदारी अधिक प्रभावी हुई, बल्कि बहसों की गुणवत्ता में भी ठोस सुधार परिलक्षित हुआ। संसदीय समिति प्रणाली विधायी प्रक्रिया की दक्षता, जवाबदेही और समावेशिता को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लोकसभा के संसदीय शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान 'प्राइड' (पार्लियामेंटरी रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट फार डेमोक्रेसीज) के माध्यम से विभिन्न विधानसभाओं तथा संसद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों में डिजिटाइजेशन, तकनीकी एकीकरण, संसदीय समितियों की कार्यप्रणाली एवं समन्वय, अनुसंधान सहायता और विभाग-संबंधित स्थायी समितियों में विधेयकों के अनिवार्य संदर्भ जैसे विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। ओम बिरला के नेतृत्व में लोकसभा को 'पेपरलेस' बनाने और तकनीकी आधुनिकीकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। 'डिजिटल संसद' प्लेटफार्म की स्थापना, सांसदों के लिए डिजिटल उपस्थिति प्रणाली जैसी आधुनिक व्यवस्थाएं इसी व्यापक परिवर्तन का अंग हैं। मंत्रियों द्वारा सदन में दिए गए आश्वासनों की निगरानी के लिए 'आनलाइन एश्योरेंस मानिटरिंग सिस्टम' को सशक्त किया गया, जिससे लोकतांत्रिक मूल्यों की जवाबदेही और पारदर्शिता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इसी क्रम में 'नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन' कार्यक्रम को व्यापक स्तर पर लागू किया गया। वर्तमान में 21 राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों की विधानमंडल इस प्लेटफार्म के माध्यम से अपना विधायी कामकाज डिजिटल माध्यम से संचालित कर रही हैं। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में मेरा अनुभव है कि इस नवाचार से विधानसभाओं की डिजिटल कार्यप्रणाली को अत्यंत प्रोत्साहन मिला है। संसदीय कार्यवाही के आधुनिकीकरण तथा पारदर्शिता, सुगमता और दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। लोकसभा सचिवालय और इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से विकसित स्वदेशी एआइ टूल 'संसद भाषिणी' का उपयोग विशेष रूप से उल्लेखनीय है। भारत की भाषायी विविधता को ध्यान में रखते हुए इसके माध्यम से संसदीय दस्तावेजों को विभिन्न भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। लोकसभा अध्यक्ष का पद दलगत राजनीति से ऊपर होता है और संविधान ने उन्हें तटस्थ मध्यस्थता की महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान की है।

*केरलम में जरूर वामपंथी दलों के दस साल के शासन से सत्ता विरोधी रुझान के दम पर कांग्रेस उम्मीदें पाले हुए है। अगर कांग्रेस इन दोनों राज्यों में खास प्रदर्शन नहीं कर पाती तो निश्चित ही राष्ट्रीय राजनीति से जुड़ी उसकी आकांक्षाओं को आघात पहुंचेगा। बंगाल और तमिलनाडु, दोनों राजनीतिक रूप से बड़े राज्य हैं। लोकसभा की अच्छी-खासी सीटें भी इनकी राजनीतिक महत्ता और बढ़ा देती हैं। दोनों ही जगह क्षेत्रीय दल मजबूती से टिके हुए हैं। पहले माकपा के नेतृत्व में वामपंथी दलों और फिर तृणमूल कांग्रेस का मजबूत किला बन चुका बंगाल लंबे अर्से से राष्ट्रीय दलों को मायूस ही करता आया है। पिछले चुनाव में भाजपा ने भरसक प्रयास किए, फिर भी ममता बनर्जी को सत्ता से बाहर नहीं कर पाई। तमिलनाडु में जयललिता के निधन के बाद से ही द्रमुक ने अपनी पकड़ जिस तरह मजबूत की हुई है, वह*

# विपक्षी एकता की परीक्षा




चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश के विधानसभा चुनावों में से असम, केरलम एवं पुडुचेरी के लिए मतदान हो चुका है और बंगाल एवं तमिलनाडु के मतदाताओं को अपना निर्णय करना अभी शेष है। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार देश में एक साथ इतने बड़े पैमाने पर चुनाव हो रहे हैं तो स्वाभाविक है कि राष्ट्रीय राजनीति पर भी उसका असर दिखेगा। देखा जाए तो चार मई को आने वाले नतीजे केंद्र और राज्य सरकारों की नीतियों को आईना दिखाने के साथ भावी राजनीति की दिशा निर्धारित करने का काम भी करेंगे। इस दौरान जहां मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर से लेकर निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन जैसी संस्थागत प्रक्रियाओं की परख होगी तो महिला आरक्षण विधेयक के कानून के अमल में आने से भी राजनीतिक दलों को अपने समीकरण नए सिरे से तैयार करने होंगे।

अगर राजनीतिक परिदृश्य की बात करें तो पांच राज्यों के चुनाव राष्ट्रीय दलों के साथ-साथ क्षेत्रीय पार्टियों के लिए भी अस्तित्व बचाए रखने की चुनौती है। असम में भाजपा और बंगाल में तृणमूल कांग्रेस लंबे समय से राज्य की सत्ता पर काबिज हैं। केरलम में वामपंथी दलों के गठबंधन ने पिछले विधानसभा चुनाव में बारी-बारी से सत्ता बदलने वाले रुझान को धता बताते हुए कांग्रेस को हैरान किया था। तमिलनाडु में दोनों ही राष्ट्रीय दल मुख्य मुकाबले से बाहर अपने सहयोगियों के भरोसे हैं। पुडुचेरी की कहानी भी कमोबेश ऐसी ही है। इस तरह दोनों ही राष्ट्रीय दलों का दो-दो राज्यों में बहुत कुछ दांव पर लगा होने के साथ ही एक राज्य में ही सीधा मुकाबला है। प्रतीत होता है कि भाजपा ने असम को अपना गढ़ बना लिया है और इस चुनाव में भी वहां कांग्रेस को अंदरूनी कलह का सामना करना पड़ा जब चुनावों के दौरान ही उसके दो दिग्गज नेता भाजपाई खेमे से जुड़ गए। केरलम में जरूर वामपंथी दलों के दस साल के शासन से सत्ता विरोधी रुझान के दम पर कांग्रेस उम्मीदें पाले हुए है। अगर कांग्रेस इन दोनों राज्यों में खास प्रदर्शन नहीं कर पाती तो निश्चित ही राष्ट्रीय राजनीति से जुड़ी उसकी आकांक्षाओं को आघात पहुंचेगा। बंगाल और तमिलनाडु, दोनों राजनीतिक रूप से बड़े राज्य हैं। लोकसभा की अच्छी-खासी सीटें भी इनकी राजनीतिक महत्ता और बढ़ा देती हैं। दोनों ही जगह क्षेत्रीय दल मजबूती से टिके हुए हैं। पहले माकपा के नेतृत्व में वामपंथी दलों और फिर तृणमूल कांग्रेस का मजबूत किला बन चुका बंगाल लंबे अर्से से राष्ट्रीय दलों को मायूस ही करता आया है। पिछले चुनाव में भाजपा ने भरसक प्रयास किए, फिर भी ममता बनर्जी को सत्ता से बाहर नहीं कर पाई। तमिलनाडु में जयललिता के निधन के बाद से ही द्रमुक ने अपनी पकड़ जिस तरह मजबूत की हुई है, वह कमजोर होती नहीं दिख रही। भाजपा ने इस राज्य में भी सेंध लगाने के लिए कोशिश तो बहुत की, लेकिन थक हारकर सहयोगियों के दम पर ही आगे बढ़ने का विकल्प अपनाया। अभिनेता से नेता बने विजय के राजनीति में उतरने से भी राज्य का चुनाव रोचक हो गया है। बहरहाल, इन दोनों राज्यों के नतीजे क्षेत्रीय क्षत्रपों की राज्य की सत्ता पर पकड़ के साथ ही राष्ट्रीय राजनीति में उनके असर को भी निर्धारित करेंगे। पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में इस बार के चुनावों की पृष्ठभूमि में भी जमीन-आसमान का अंतर है और इसका असर परिणामों को भी प्रभावित कर सकता है। 2021 के चुनाव कोविड महामारी के प्रकोप के दौरान हुए थे। उसने चुनाव अभियान से लेकर मतदान तक पर अपना असर दिखाया था।

# खतरे में युद्धविराम





यह निराशाजनक है और चिंताजनक भी कि 40 दिनों के घमासान के बाद अमेरिका और ईरान के बीच जिस युद्धविराम पर सहमति बनी, वह लागू होने के पहले ही खटाई में पड़ता दिख रहा है। इसका कारण यह है कि लेबनान में इजरायल के हमले थमे नहीं। इजरायल का कहना है कि लेबनान पर हमले रोकना युद्धविराम समझौते का हिस्सा नहीं था। अमेरिका भी यही कह रहा है, लेकिन ईरान इससे सहमत नहीं और वह होर्मुज समुद्री मार्ग खोलने से पीछे हट गया है। स्पष्ट है कि यदि इजरायल के लेबनान पर हमले जारी रहते हैं तो पाकिस्तान की कथित मध्यस्थता से जिस युद्धविराम पर सहमति बनी और जिसके कारण विश्व ने राहत की सांस ली, वह लागू ही नहीं हो सकेगा। इसके लागू होने के आसार इसलिए भी कम होते दिख रहे हैं, क्योंकि इजरायल के लेबनान पर हमलों के जवाब में ईरान खाड़ी देशों को निशाना बना रहा है और उधर अमेरिका धमकी भरे स्वर में कह रहा है कि युद्धविराम लागू न होने पर उसकी सेनाएं ईरान पर हमले के लिए तैयार हैं। युद्धविराम कितनी नाजुक स्थिति में है, इसका पता इससे भी चलता है कि वार्ता के लिए ईरान का जो प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद पहुंचने वाला था, उसका फिलहाल वहां जाना तय नहीं। इस सबके बीच जिन शर्तों पर युद्धविराम पर सहमति बनी थी, उन्हें लेकर अमेरिका और ईरान अलग-अलग दावे कर रहे हैं। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर यह आरोप लगा रहे हैं कि वे उनकी मंशा सही तरह समझे नहीं। ऐसा तभी होता है, जब अविश्वास चरम पर होता है और विरोधी पक्ष एक-दूसरे के प्रति संशय से भरे होते हैं। इस संशय का एक कारण पाकिस्तान की कथित मध्यस्थता भी है। अब यह स्पष्ट है कि पाकिस्तान मध्यस्थता का नहीं, संदेश वाहक का काम रहा रहा था। लगता है वह यह काम भी ढंग से नहीं कर सका या फिर शांति का वाहक बनने की हड़बड़ी में उसने एक-दूसरे को संदेश देने में गफलत की या जानबूझकर ऐसे संदेशों का आदान-प्रदान किया, जो भ्रम पैदा करने वाले रहे। यह समझना कठिन है कि अमेरिका ने क्या सोचकर पाकिस्तान को अपना हरकारा बनाया, क्योंकि उसका इजरायल से कोई संपर्क-संवाद ही नहीं और ईरान भी उस पर बहुत भरोसा नहीं करता। यदि अमेरिका और ईरान वास्तव में युद्धविराम कर बातचीत के माध्यम से विवादों का हल करना चाहते हैं तो उन्हें ऐसे किसी भरोसेमंद मध्यस्थ का चयन करना होगा, जिसकी कुछ साख हो। दोनों ही पक्षों को यह समझना होगा

## नरैना पालिका ईओ शिवराज कृष्णा ने संभाला फुलेरा का अतिरिक्त प्रभार



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** नगर पालिका नरेना के अधिशासी अधिकारी शिवराज कृष्णा को अतिरिक्त चार्ज दिए जाने पर शुक्रवार को उन्होंने पदभार ग्रहण किया। उनके पदभार ग्रहण करने पर पालिका स्टाफ की ओर से माला व साफा पहनाकर और मुंह मीठा कर जोरदार स्वागत किया गया। वहीं फुलेरा कस्बेवासियों में भी इस नियुक्ति को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। उनकी कार्यशैली को लेकर लोगों में विशेष उत्सुकता बनी हुई है। इस अवसर पर वरिष्ठ लेखाकार किशन कुमार यादव, कनिष्ठ अभियंता अजय चौधरी, वरिष्ठ प्रारूपकार सौम्या वर्मा, वरिष्ठ लिपिक नरेंद्र कुमार वर्मा, नरेंद्र कुमार शर्मा, कनिष्ठ सहायक महिपाल सिंह, आरती गुर्जर, तरुण शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## मोहिनी की मेहनत रंग लाई, जूनियर वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में चयन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर।** राजस्थान की प्रतिभाशाली निशानेबाज मोहिनी सिंह का चयन जूनियर वर्ल्ड कप (काहिरा, मिस्र) के लिए भारतीय टीम में हुआ है। 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में देश का प्रतिनिधित्व करने जा रही मोहिनी की इस उपलब्धि के पीछे उनकी कड़ी मेहनत के साथ-साथ कोच राम सिंह निथारवाल का समर्पण और त्याग भी जुड़ा है। मोहिनी ने राष्ट्रीय स्तर पर लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी मजबूत पहचान बनाई है। उनकी सफलता में कोच राम सिंह निथारवाल की अहम भूमिका रही, जिन्होंने उन्हें आगे बढ़ाने के लिए अपनी स्वयं की शूटिंग तक छोड़ दी और पूरी तरह उनकी ट्रेनिंग पर ध्यान केंद्रित किया। सीमित संसाधनों के बावजूद कोच और खिलाड़ी की इस जोड़ी ने निरंतर मेहनत और समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है। मोहिनी ने कहा कि उनके कोच ने उनके लिए बहुत त्याग किया है और वह उनके विश्वास पर खरा उतरने के लिए पूरी मेहनत करेंगी। मोहिनी के चयन से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इसे गर्व का क्षण बताते हुए उम्मीद जताई है कि वह काहिरा में शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करेंगी।

## अंबेडकर जयंती सम्मान समारोह पोस्टर का विमोचन




जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** शहर के बाई का बास ग्राम में बलाई विकास समिति जयपुर मुख्यालय-चौमूं की ओर से सभा-भवन, मोरीजा रोड, चौमूं में आयोजित होने वाले डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती सम्मान समारोह का समाजसेवी गणेशचंद बगवाडिया, सूखाराम बुनकर व सरपंच सुल्तान बुनकर के नेतृत्व में पोस्टर का विमोचन किया गया। समिति अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार, कोषाध्यक्ष नानगराम लूणीवाल ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर 12 अप्रैल को सभा-भवन पर हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। साथ ही सामाजिक एकता तथा जागरूकता से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। इस दौरान समिति सचिव राजेंद्र काला, मंगलचंद डूंडलोदिया, कमलेश बगवाडिया, रमेश बगवाडिया, हनुमान सहाय डूंडलोदिया, वेद प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## फुलेरा में पानी हफ्ते में एक बार, रोज सुबह-शाम बिजली कटौती से बढ़ा जनआक्रोश

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** कस्बे के पुराना फुलेरा फीडर से जुड़े कई वार्डों में इन दिनों बिजली कटौती और पानी की अनियमित आपूर्ति से लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पानी की सप्लाई जहां 6-7 दिन में एक बार हो रही है, वहीं प्रतिदिन सुबह और शाम दो-दो घंटे बिजली कटौती की जा रही है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। लोगों का कहना है कि बिना किसी पूर्व सूचना के हो रही इस कटौती से घरेलू कामकाज, व्यापारिक गतिविधियां और विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। क्षेत्रवासियों में बिजली विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भारी नाराजगी देखी जा रही है। जब इस संबंध में सांभर लेक के सहायक अभियंता सारांश चौधरी से जानकारी ली गई तो उन्होंने बिजली कटौती को जलदाय विभाग से जुड़ा बताते हुए पल्ला झाड़ लिया। इस पर नागरिकों का कहना है कि बिजली व्यवस्था की जिम्मेदारी बिजली विभाग की है, ऐसे में स्पष्ट जवाब नहीं मिलना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। इधर, इस गंभीर समस्या पर विपक्ष की ओर से भी अब तक कोई ठोस पहल सामने नहीं आई है, जिससे लोगों में असंतोष और बढ़ गया है। नागरिकों ने बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि पानी के नाम पर की जा रही अनावश्यक कटौती पर रोक लगाई जाए, कटौती का निश्चित समय तय किया जाए तथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# पोषण पखवाड़ा में इस बार भी राजस्थान को मिले प्रथम स्थान, इसके लिए आईसीडीएस करें कड़ी मेहनत : दिया कुमारी

द्जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** उपमुख्यमंत्री और महिला व बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निर्देशन में राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा तथा पोषण माह के नियमित आयोजनों से 06 वर्ष तक के बच्चों के पोषण के प्रति जाग्रुकता का वातावरण तैयार हुआ है। उन्होंने कहा कि बच्चों के जीवन के पहले 6 साल सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान सही पोषण और देखभाल के लिए पूरे समुदाय की भागीदारी जरुरी है, सही पोषण से ही देश रोशन होगा। उन्होंने कहा कि पोषण पखवाड़ा में इस बार भी राजस्थान को प्रथम स्थान मिले इसके लिए आईसीडीएस को कड़ी मेहनत करनी होगी। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अष्टम राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के दूसरे दिन शुक्रवार को जयपुर के विद्याधर नगर सेक्टर-4 स्थित जेपी कॉलोनी, वार्ड 24 की आंगनबाड़ी केन्द्र पर आयोजित पोषण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उक्त विचार व्यक्त किये। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जो बच्चें आज जन्म ले रहे हैं वो 2047 तक पूर्ण युवा हो जाएंगे। यदि उन बच्चों को सही पोषण शिक्षा और स्वास्थ्य प्रदान किया जाए तो 2047 में जब वे युवा होकर देश का नेतृत्व करेंगे तो देश का भविष्य निश्चित ही सुरक्षित और मज़बूत हाथों में होगा और देश दुनिया में अपनी अलग पहचान कायम कर सकेगा। दिया कुमारी ने कहा कि बच्चों के पोषण के प्रति जागरूकता लाने के लिए ही यह 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक भारत सरकार और राज्य सरकार की ओर से आँगनबाड़ी केंद्रों पर आठवां पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप लोग पोषण दूत हैं। आपके द्वारा ममतामयी व्यवहार और कार्यो के सम्पादन से आंगनबाड़ियों पर आने वाले बच्चों को बेहतर पोषण मिलता है। बच्चों को खेल–खेल में सिखा कर शाला पूर्व शिक्षा के माध्यम से पोषण, शिक्षा व स्वास्थ्य प्रदान किए जाने का पुनित कार्य प्रशंसनीय है। दिया कुमारी ने कहा कि आईसीडीएस (निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं) की टीम अच्छा काम कर रही है इसी का सुपरिणाम है कि सितम्बर 2025 में आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह में राजस्थान ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, वहीं सप्तम पोषण पखवाड़ा में राजस्थान को पहला स्थान मिला। उन्होंने कहा कि हमें हमारी इस पिछली सफलता को दोहराते हुए इस वर्ष फिर से राजस्थान को अव्वल लाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस अवसर पर उपस्थित आंगबाड़ी कार्यकर्ताओं और ?आम महिलाओं को पोषण की शपथ दिलवाई वहीं उन्होंने नवचेतन मार्गदर्शिका का विमोचन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने पोषण पखवाड़ा के तहत आयोजित पोषण प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। वहीं आंगनबाड़ी के बच्चों को न्यूट्री बार का वितरण किया। उन्होंने 6 माह तक के बच्चों को अन्नप्राशन करवाया। महिला में बाल विकास सचिव पूनम ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि कहा कि 6 वर्ष तक की आयु में बच्चों का 85 प्रतिशत मस्तिष्क विकास हो जाता है। यदि उक्त आयु में बच्चों को उपयुक्त पोषण दिया जाए तो यह हमारा सबसे उत्पादक निवेश हो सकता है। इसलिए हमें बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। यूनिसेफ राजस्थान के स्टेट हैड के एल राव ने कहा कि आज पैदा होने वाले बच्चों को बेहतर पोषाहार देकर हम उनके मस्तिष्क का बेहतर विकास कर हमारे देश के भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। समेकित बाल विकास सेवाएं निदेशक वासुदेव मालावत ने कार्यक्रम के अन्त में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि पोषण पखवाड़ा की गतिविधियों को गांव–गांव ढाणी ढाणी में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र पर सफलता पूर्वक आयोजित करने के लिए हम सभी को कड़ी मेहनत से काम करना होगा और राष्ट्रीय महत्व के इस अभियान में अपना योगदान देकर इसे सफल बनाना होगा। उन्होंने कहा कि पोषण पखवाड़ा के पहले दिन राजस्थान में राजस्थान से डैशबोर्ड पर एक लाख से अधिक गतिविधियों को अपलोड किया गया है। इस अवसर पर अतिरिक्त निदेशक पोषाहार अनुपमा टेलर सहित, जयपुर जिला आईसीडीएस उपनिदेशक पार्थवी शर्मा, उपनिदेशक आईसीडीएस डॉ. मंजू यादव सहित अधिकारी, कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व महिलाएं उपस्थित रही।

## जयपुर में 'ग्राम-2026' एग्रीटेक मीट की शुरुआत, कृषि में नवाचार व निवेश पर जोर

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** राज्य में कृषि को आधुनिक तकनीक, नवाचार और निवेश से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम)-2026' के तहत कर्टेन रेज़र एवं ओरिएंटेशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कृषि विभाग, राजस्थान एवं फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र में तकनीकी उन्नयन, उद्यमिता और निवेश को बढ़ावा देने पर विशेष फोकस रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'ग्राम-2026' का लोगो और ब्रोशर लॉन्च किया। उनके साथ कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री किरोड़ी लाल मीणा, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार, मुख्य सचिव वी श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग शिखर अग्रवाल तथा प्रमुख शासन सचिव कृषि मंजू राजपाल सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में नीति-निर्माताओं, उद्योग प्रतिनिधियों, स्टार्टअप्स, एफपीओ एवं प्रगतिशील किसानों ने भाग लेकर कृषि क्षेत्र में नई संभावनाओं और साझेदारी पर विचार-विमर्श किया।

कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि राज्य सरकार कृषि निवेश, निर्यात-उन्मुख उत्पादन और डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। मिलेट्स, बागवानी, प्रिसिजन फार्मिंग और जल संरक्षण तकनीकों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

ओरिएंटेशन सत्रों में 'कृषि में नवाचार एवं उन्नत तकनीक' तथा 'कृषि में उद्यमिता' जैसे विषयों पर चर्चा हुई। कृषि आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने बताया कि सरकार किसानों और विभाग के बीच संवाद को मजबूत कर तकनीकी उन्नयन को बढ़ावा दे रही है।

कार्यक्रम में 'अपना गोदाम' के सीईओ संजय अग्रवाल, 'बेसिक फूड स्टूडियो' की सह-संस्थापक तनुश्री सिंह, फ्रेशेकार्ट्स के संस्थापक राजेंद्र लोढ़ा, वर्डेंट इंपैक्ट के सीईओ मनीष कुमार एवं एफईइस एनजीओ के प्रतिनिधि शांतनु राय सहित विशेषज्ञों ने भी अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम के तहत 17 अप्रैल को नई दिल्ली, 24 अप्रैल को अहमदाबाद, 6 मई को हैदराबाद और 8 मई को पुणे में रोड शो आयोजित किए जाएंगे। आयोजन का उद्देश्य राजस्थान को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर एक मजबूत एग्रीटेक हब के रूप में स्थापित करना है।

## आत्मनिर्भर ग्राम निर्माण को लेकर किसानों की बैठक

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** ग्राम नागल भरड़ा तेजाजी का जोड़ा जिला जयपुर जनता सरकार मोर्चा की मीटिंग संपन्न हुई। जिसमें देवेंद्र बल्हारा मुख्य वक्ता ने वर्तमान सामाजिक ग्रामीण समस्याओं के संदर्भ में अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि किसान ऋण देकर जमीन को हड़पने का षड्यंत्र बैंक कंपनियों की ओर से किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र की जमीन को विदेशी प्राइवेट कंपनियों को देने का यह षड्यंत्र है। रुपये के मूल्य की गिरती हुई रफ्तार एक सोची समझी योजना प्राइवेट कंपनियों के लाभ के लिए किया जाकर भारत के नागरिकों को गरीब मजबूर कमजोर करने की योजना बनाई गई है। ग्रामीणों को सावधान रहकर इसका उपाय करना चाहिए तथा गांव में ही संसाधनों को उत्पन्न कर आत्मनिर्भर बनाना चाहिए। सभा के संयोजक मुरली धरबरा ने कहा कि ग्रामीण संसाधनों एवं भारतीय धार्मिक परंपराओं एवं मान्यताओं तथा रीति-रिवाज का संरक्षण करना चाहिए तथा स्वदेशी के आंदोलन को बढ़ाकर आत्मनिर्भर ग्राम बनाने का संकल्प करना चाहिए। सभा में महात्मा राघव दास महाराज रूजला जोड़ा गौशाला मंदिर के महंत, मदन बिछवालिया, हर सहाय यादव, बनवारी शेरावत, शंकर लाल सैनी, राम अवतार शर्मा, गोपाल दुसाद, सरदार बरा, भीम सिंह बरा, जितेंद्र चौधरी, परमजीत सिह, संजय,गोपाल बराला, रिछपाल, मदन दूत, हनुमान, परमानदं कानाराम बराला सहित कई लोग मौजूद रहे ।

## हर घर शिक्षा का शैक्षणिक भ्रमण, ग्रामीण बच्चों को मिले नए सपनों के पंख



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** हर घर शिक्षा संस्था की ओर से जिलास्तरीय कौशल बाल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न संस्थानों का भ्रमण कर नई जानकारियां हासिल कीं और अपने भविष्य को लेकर प्रेरित हुए। भ्रमण की शुरुआत बाड़ी पुलिस थाना से हुई, जहां थानाधिकारी देवेंद्र कुमार शर्मा ने बच्चों को पुलिस कार्यप्रणाली की जानकारी दी। इसके बाद पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में प्राचार्य अर्चना सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। केंद्रीय मिलिट्री विद्यालय व सरकारी मेडिकल कॉलेज के दौरे के दौरान बच्चों ने अनुशासन, शिक्षा और करियर से जुड़े पहलुओं को समझा। एसपी कार्यालय में एडिशनल एसपी वैभव कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। वहीं साइंस म्यूजियम और मचकुंड सहित ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण से बच्चों की जिज्ञासा व ज्ञान में वृद्धि हुई। संस्था के संस्थापक रोहित मीणा ने बताया कि उद्देश्य बच्चों को केवल शिक्षा नहीं, बल्कि जीवन के प्रति दृष्टिकोण देना है। इस दौरान समाजसेवी मन्नू मीणा जैन ने भोजन की व्यवस्था कर सहयोग किया।

### अलवर में गरजी कांग्रेस

## असम के सीएम या 'प्रॉपर्टी डीलर - पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह

### फिल्मों से लेकर महंगाई तक– जूली का बीजेपी पर प्रहार



**अलवर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को असम में जमीन आवंटन को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा ने बाबा रामदेव, अडानी और अंबानी को लाखों बीघा जमीन दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रॉपर्टी डीलर' तक करार दिया फूल बाग में पूर्व केंद्रीय मंत्री के अलवर आगमन पर टीकाराम जूली सहित कांग्रेस नेताओं ने उनका स्वागत किया जितेंद्र सिंह ने दावा किया कि असम में बंपर मतदान एंटी-इन्कंबेंसी का संकेत है। उन्होंने मुख्यमंत्री और उनके परिवार पर प्रॉपर्टी डीलिंग में संलिप्त होने का आरोप लगाया महिला आरक्षण पर बयान महिला आरक्षण को लेकर उन्होंने कहा कि इसकी पहल सोनिया गांधी के नेतृत्व में हुई थी और इस मुद्दे पर सभी दल सहमत हैं। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या पर फिल्म न बनने को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने बेरोजगारी, महंगाई और जीडीपी जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरा जूली ने कहा कि कच्चे तेल के सस्ते होने पर जनता को लाभ नहीं दिया गया, जबकि महंगाई के समय टैक्स बढ़ाकर बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने सरकार पर जनहित की अनदेखी का आरोप लगाया।

# किशनगढ़ कृषि मंडी के विकास को मिलेगी नई गति, किसानों-व्यापारियों को प्राथमिकता : भागीरथ चौधरी

### किशनगढ़ कृषि मंडी परिसर का निरीक्षण कर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

### एमएसपी मूल्य को लेकर सहकारिता मंत्री से चर्चा

जयपुर टाइम्स

**किशनगढ़(अजमेर)।** केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्य मंत्री व स्थानीय अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने शुक्रवार को कृषि मंडी किशनगढ़ का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंडी परिसर में उपस्थित किसानों व व्यापारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



### एमएसपी मूल्य दिलाने के लिए सहकारिता मंत्री से वार्ता

निरीक्षण के दौरान एमएसपी पर चना खरीद में आ रही समस्याओं को लेकर केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राजस्थान के सहकारिता मंत्री गौतम दक से दूरभाष पर वार्ता की। उन्होंने चना खरीद प्रक्रिया में आ रही बाधाओं को शीघ्र दूर कर किसानों को राहत प्रदान करने का आग्रह किया। साथ ही किशनगढ़, रूपनगढ़, अराई एवं मेड़ता कृषि मंडियों में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद को सुचारू रूप से संचालित करने को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई।

### कृषि मंडी परिसर में होंगे करोड़ों रुपए के विकास कार्य

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि किशनगढ़ कृषि मंडी के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इसके अंतर्गत लगभग ?5 करोड़ की लागत से मंडी की सड़कों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा, मंडी परिसर में डोम कवर निर्माण की तैयारी की जा रही है तथा किसानों की सुविधा के लिए आधुनिक धर्मकांटा (वजन तौल) की स्थापना भी की जाएगी। इन विकास कार्यों से किसानों और व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं, पारदर्शी व्यवस्था और सुगम व्यापारिक माहौल उपलब्ध होगा।

### कृषि क्षेत्र को लाभकारी बनाने की दिशा में हो रहा काम:

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य बीज से लेकर बाजार तक किसानों को हर संभव सहायता प्रदान करना है, ताकि कृषि क्षेत्र लाभकारी बने और किसानों के जीवन स्तर में वास्तविक सुधार हो। भागीरथ चौधरी ने दोहराया कि सरकार का संकल्प है कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले और कृषि मंडियों में आधुनिक, सुदृढ़ एवं किसान-हितैषी व्यवस्थाओं का विकास किया जाए।

# एसएससी में 43वीं रैंक लाने पर मोक्षा अग्रवाल का सम्मान, समाज के युवाओं के लिए बनी प्रेरणा

जयपुर टाइम्स

**चिड़ावा(झुंझुनूं)।** कस्बे की होनहार बेटी मोक्षा अग्रवाल की ऐतिहासिक सफलता पर अग्रवाल समाज के लोगों ने उनका व उनके परिजनों का सम्मान किया। अग्रवाल जन कल्याण समिति चिड़ावा के पूर्व अध्यक्ष दामोदरप्रसाद हिम्मतरामका के नेतृत्व में तथा श्रीश्याम मंदिर चिड़ावा धाम के मुख्य महंत राजू के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में मोक्षा को साफा, माला व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दामोदरप्रसाद हिम्मतरामका ने कहा कि मोक्षा की यह उपलब्धि केवल



व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि पूरे समाज के युवाओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने युवाओं से शासन-प्रशासन में भागीदारी बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों में रहकर भी मेहनत और अनुशासन से बड़ा मुकाम हासिल किया जा सकता है। पूर्वी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष झंडीप्रसाद हिम्मतरामका व व्यापार मंडल चिड़ावा के अध्यक्ष महेश मालानी ने भी बधाई संदेश प्रेषित कर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अग्रवाल जन कल्याण समिति के संस्थापक पूर्व महामंत्री प्रदीप मोदी, प्रदीप हिम्मतरामका, युवा वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अनुज भगेरिया, नगरपालिका के पूर्व सहवृत्त सदस्य कपिल भगेरिया, युवा अग्रवाल सम्मेलन के पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र मोदी, अमित सुशील गोयल, बाल कल्याण समिति की पूर्व सदस्य मनीषा केडिया सहित व्यवसायी श्रीकांत-तारादेवी हलवाई, अशोक-संतोष हलवाई, विशाल, आलोक, हेमंत, रवि, अनिता, पूजा, पायल, सोनू, सिया, आसी, कार्तिकेय आदि उपस्थित रहे। गौरतलब है कि मोक्षा अग्रवाल ने एसएससी सीजीएल परीक्षा में ऑल इंडिया 43वीं रैंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे शेखावाटी व अग्रवाल समाज का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता के साथ उनका चयन केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) विभाग में इंस्पेक्टर पद पर हुआ है। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच यह उपलब्धि विशेष मानी जा रही है।

## हनुमान बेनीवाल पर गलत टिप्पणी करना बर्दाश्त नहीं: पूनिया



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)}** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल की ओर से अंतरजातीय विवाह को गलत बताए जाने के बाद उन पर हो रही टिप्पणियों को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है। आरएलपी के विजय पूनिया शुक्रवार दोपहर को चूरू में प्रेस से रूबरू हुए। पूनिया ने कहा कि बेनीवाल के इस मुद्दे को उठाने पर समाज के कुछ लोग सामाजिक मंचों पर उन पर गलत टिप्पणियां कर रहे हैं, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते हुए इसमें सुधार नहीं किया गया, तो आंदोलन किया जाएगा। आरएलपी के युवा नेता देवेश चौधरी ने भी इस मुद्दे पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि वे अंतरजातीय विवाह को लेकर आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल पर कोई टिप्पणी न करें और इस पर कोई राजनीतिक चर्चा न करें। चौधरी ने कहा कि बेनीवाल 36 कौमों को साथ लेकर चलने वाले नेता हैं। उन्होंने किसी भी संगठन को समाज को तोड़ने का काम न करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कोई भी संगठन एक समाज के बैनर तले अंतरजातीय विवाह करने की बात न करे। इस अवसर पर राजकुमार फगेड़िया, संदीप कपूरिया, महेंद्र कड़वासरा, सूर्यभान, जयप्रकाश गोदारा, मुकेश गोदारा, राकेश मेहरा, प्रवीण झाझड़िया, किशन कस्वां व सोनू जाखड़ सहित अनेक आरएलपी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सीडीपीओ ने किया अष्ठम पोषण पखवाड़े का शुभारम्भ




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** महिला व बाल विकास विभाग की ओर से शुक्रवार को अष्ठम पोषण पखवाड़े का शुभारम्भ हुआ। शुभारंभ कार्यक्रम के अंतर्गत शहर के वार्ड 06 स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र से जनसमुदाय की सहभागिता में आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली। रैली का शुभारम्भ सीडीपीओ सीमा गहलोत व सीडीपीओ चन्द्रकला शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान रंगोली, नोट आदि बनाकर जंक फूड न खाने की शपथ दिलाई गई। आईसीडीएस डीडी डॉ. नरेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि अष्ठम पोषण पखवाड़ा 23 अप्रैल तक मनाया जाएगा, जिसमें सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षक जयकौर चौधरी, शीतल बत्रा, ज्योति वर्मा, सुनिता कस्वां, संजू कंवर, सुदेश कंवर, शशिकला शर्मा, सुमन मीणा, रेखा कंवर सहित अनेक कार्यकर्ता व जनसमुदाय उपस्थित रहे।

## पन्ना सागर जोहड़ा बना गंदगी का अड्डा, दूषित पानी से पशुओं पर खतरा



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे के दक्षिण सिमसिया रोड स्थित ऐतिहासिक पन्ना सागर जोहड़ा इन दिनों गंदगी की चपेट में आ गया है। जोहड़े में प्लास्टिक कचरा व मृत पशु तक डाले जाने से पानी पूरी तरह दूषित हो गया है, जिससे यहां पानी पीने वाले पशुओं के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार सरकार की ओर से जोहड़ों के सौंदर्यकरण एवं संरक्षण के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन राजलदेसर नगरपालिका की उदासीनता के चलते यह ऐतिहासिक जोहड़ा अपनी दुर्दशा झेलने को मजबूर है। जोहड़े के आसपास लगातार कचरा डाले जाने से स्थिति और भी खराब होती जा रही है। लोगों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते सफाई नहीं करवाई गई तो आगामी मानसून में यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है।क्षेत्रवासियों ने नगरपालिका प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र संज्ञान लेकर जोहड़े की सफाई करवाई जाए तथा यहां कचरा डालने पर सख्ती से रोक लगाई जाए, ताकि इस ऐतिहासिक जल स्रोत को बचाया जा सके।

## श्रीरामोत्सव शोभायात्रा निकली, झांकियां सजाई

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** श्रीरामोत्सव को लेकर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने भगवा ध्वज के साथ भाग लिया। गणेश मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा में भारत माता, राम दरबार, महाराणा प्रताप सहित अनेक झांकिया सजाई गई। वहीं ताराचंद तंवर, पुटिया राजा, यूपी से भाजपा नेता परमेश्वर सैनी, नोपाराम मंडा, हेमंतसिंह आदि कारों पर सवार चल रहे थे। लाव लश्कर व उंट घोड़ों के बीच बैंड बाजों पर हरीकीर्तन व भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। दूसरी ओर महाराष्ट्र से आई ढ़ोल वादक टीम ने सभी लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। मुख्य बाजारों में इस टीम की प्रस्तुति देखनें के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। एडीशनल एसपी दिनेश कुमार के नेतृत्व में पर्याप्त संख्या में पुलिस जाप्ता भी रैली के दौरान मौजूद रहा। दूसरी ओर रैली में भाजपा नेता कमल दाधीच, हिमांशु भाटी, बसंत दाधीच सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शोभायात्रा शहर के लाडनू बस स्टेंड, घंटाघर चौक, स्टेशन रोड़ होते हुए नलिया बास तक पहुंची। जगह जगह रैली का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया और स्वागत द्वार बनाए गए। वहीं जगह-जगह पर आकर्षक रंगोलियां भी बनाई गई। शोभायात्रा से शहर का माहौल भगवामय हो गया।

## ऋषभदेव अवतार व प्रहलाद चरित्र की कथा सुनाई



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** उपखंड के ढोलास गांव की कामधेनु गौशाला में आयोजित भागवत कथा में ऋषभदेव अवतार और प्रहलाद चरित्र सुनाया। कथा के दौरान गौशाला के संस्थापक भामाशाह स्व रघुवीर प्रसाद जांगिड़ की धर्मपत्नी सावित्री देवी, बहन सरोज व सुपुत्र निरंजन कुमार जांगिड़ का अभिनंदन किया गया। कथा में पालवास आश्रम पीठाधीश्वर स्वामी चंद्रमदास महाराज, स्वामी सिद्धेश्वरानंद महाराज व भूमा के रामशरण दास महाराज का अभिनंदन किया गया। भारतीय पौराणिक कथाओं के दो प्रमुख आख्यान हैं ऋषभदेव और प्रहलाद।भगवान ऋषभदेव ने धर्म, अहिंसा और समाज को व्यवस्थित करने का ज्ञान दिया। वहीं, प्रहलाद चरित्र हिरण्यकश्यप के अत्याचार के विरुद्ध विष्णु भक्ति और नरसिंह अवतार की कथा सविस्तार बताई।भगवान ऋषभदेव नाभि राजा और माता मरुदेवी के पुत्र थे, जिन्हें विष्णु पुराण के अनुसार विष्णु का अवतार माना जाता है। वे जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भी हैं। उन्होंने समाज को असि, मसि, कृषि, विद्या, वाणिज्य और शिल्प जैसे छह कर्मों से सभ्य जीवन जीना सिखाया। उन्होंने 'अप्पा सो परमप्पा' (आत्मा ही परमात्मा है) का संदेश दिया। उन्होंने अपने पुत्रों को राज्य सौंपकर कठोर तपस्या की और कैलाश पर्वत पर निर्वाण प्राप्त किया। प्रहलाद दैत्यराज हिरण्यकश्यप के पुत्र थे, लेकिन वे भगवान विष्णु के परम भक्त थे। पिता हिरण्यकश्यप ने प्रहलाद को विष्णु भक्ति से रोकने के लिए पहाड़ से फेंकने, आग में जलाने (होलिका के साथ), और हाथियों के नीचे कुचलने जैसे कई प्रयास किए, लेकिन विष्णु कृपा से प्रहलाद हर बार बच गए। अंत में, भगवान विष्णु ने खंभे से नरसिंह रूप में प्रकट होकर हिरण्यकश्यप का वध किया और प्रहलाद की रक्षा की। यह कथा बुराई पर अच्छाई और दृढ़ भक्ति की जीत को दर्शाती है। दोनों कथाएँ धर्म, नीति और ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास का संदेश देती हैं। कथा में गिरधारीलाल जाजोदिया, विकास मिश्रा, प्रहलाद रिंगसिया, ईशांत दाधीच, प्रवेश, ध्रुव दाधीच सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

## डॉ. मेघ सिंह दूलड़ की पुण्य स्मृति में विद्यालय में वाटर कूलर भेंट



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** वाहिदपुरा गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को डॉक्टर मेघ सिंह दूलड़ की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान स्वर्गीय डॉ. मेघ सिंह दूलड़ की पुण्य स्मृति में उनके परिवार की ओर से विद्यालय को वाटर कूलर भेंट किया गया। इस अवसर पर कमला दूलड़ ने परिवारजनों के साथ वाटर कूलर का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंडावा पवन कुमार ने अध्यक्षता की। वक्ताओं ने इस सहरानीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में प्रेरणा प्रदान करते हैं। प्रधानाचार्य सुमन कुमारी ने आभार जताते हुए बताया कि इस दौरान दूलड़ परिवार की ओर से प्राथमिक कक्षाओं के लिए फर्नीचर देने की घोषणा की। कार्यक्रम में अजय दूलड़, अरुण दूलड़, पुत्र वधू उर्मिला, सुनीता, पौत्र डॉक्टर कुणाल दूलड़, पौत्र वधू डॉ. साविका, हरि सिंह दूलड़, दलीप सिंह शेखावत, उप प्रधानाचार्य नीलम कुमारी , व्याख्याता अभिलाषा, पंकज कुमार, सरोज, राजवीर मील, सुनील बसेरा, सुरेंद्रसिंह, कमला, अमरावती, कमल खीचड़, नीलम बनीवाल, नीरज लता, इंदिरा महलावत, वर्षा जगिड़, प्रमोद कुमार, राजेश कमार, परमेश्वरी, रामदेव मीणा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नरेशकुमार ने किया।

## सनातन संस्कृति में सुंदरकांड पाठ महत्वपूर्ण : पारीक

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मुख्य बाजार स्थित श्री रघुनाथजी मन्दिर के पीछे किशोर भवन में शुक्रवार को संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। नरोत्तम चेजारा एण्ड पार्टी ने संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का शानदार तरीके से वर्णन प्रस्तुति दी। इस अवसर पर राजस्थान ब्राह्मण महासभा के झुंझुनूं जिलाध्यक्ष अरविन्द पारीक ने कहा की सनातन संस्कृति में सुंदरकांड का अत्यधिक महत्व है, जिसे रामचरितमानस का सबसे सुंदर और महत्वपूर्ण अध्याय माना जाता है। यह भगवान हनुमान की शक्ति, बुद्धि, और श्रीराम के प्रति समर्पण की गाथा है। उन्होंने कहा कि अध्यात्मिक जागरण और मानसिक शांति के लिए सुंदरकांड का पाठ बहुत प्रभावशाली और फलदायी माना जाता है। हिन्दू धर्मग्रंथों के अनुसार गोस्वामी तुलसीदास रचित रामचरित्रमानस का यह अध्याय विशेष रूप से संकट मोचक के पराक्रम और भक्ति को समर्पित है। कार्यक्रम में पर्यटन विशेषज्ञ




मधुसुधन खेमाणी, सीताराम राठौड़ पूर्व चेयरमैन क्रमशः बजरंगसिंह निर्वाण, नरेश सोनी, शिक्षाविद्ध भोलासिंह, शंकरलाल सुरोलिया, सज्जनलाल शर्मा, अरविन्द भुकाणिया, विष्णु कालोया, संदीप सिंह व कुलदीप सिंह , छात्र नेता ज्योति राठौड़सहित सैकडों श्रद्धालु उपस्थित रहे। अन्त में मुख्य यजमान किशोरसिंह राठौड़ ने आगन्तुक श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर आभार जताया।

## उर्स के दूसरे दिन कुरान खानी की नियाज, चादर शरीफ के जुलूस में उमड़ी आस्था

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** बाजीसर मार्ग स्थित सैयद हाजी गूदड़ी बाबा के सालाना उर्स के दूसरे दिन शुक्रवार को कुरान खानी की नियाज अकीदत के साथ अदा की गई। उर्स के अवसर पर क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना रहा और बड़ी संख्या में अकीदतमंद दरगाह पहुंचकर मजार शरीफ पर चादर एवं फूल पेश करते नजर आए। उर्स के तहत हजरत बाबा चिश्ती के सालाना उर्स में पारंपरिक चादर शरीफ का भव्य जुलूस निकाला गया। यह जुलूस बैंड-बाजों और ढोल-नगाड़ों के साथ विभिन्न मार्गों से होते हुए दरगाह पहुंचा। रास्ते में जगह-जगह जुलूस का स्वागत किया गया तथा जायरीनों ने फूल बरसाकर अपनी आस्था व्यक्त की। दरगाह परिसर को विशेष रूप से सजाया गया और आकर्षक रोशनी की गई, जिससे माहौल और भी भक्तिमय हो उठा। उर्स के दौरान क्षेत्र में मेल-जोल और भाईचारे का संदेश भी देखने को मिला। कार्यक्रम में पीर मोहम्मद इज्जतुल्लाह फारूकी चिश्ती, दरगाह कमालुद्दीन चिश्ती, दरगाह तारकीन झुंझुनू, अध्यक्ष मांगीलाल दहिया, जगदीश महरिया, बाबूलाल सैनी,



फारूक मनिहार, आजम रंगरेज सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## गांधी बाल निकेतन में वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर की श्री गांधी बाल निकेतन का वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में मनाया गया। विधायक पुसाराम गोदारा के मुख्य आतिथ्य में हुए कार्यक्रम में अपनी-अपनी कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, अभिभावक प्रतियोगिता के विजेताओं, विभिन्न पदों पर पदस्थापित निकेतन के पूर्व विद्यार्थियों और खेल में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों सहित कुल 174 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। दीप प्रज्वलन से प्रारम्भ हुए कार्यक्रम में 500 से अधिक विद्यार्थियों ने देश की विविधवर्णी संस्कृति, राजस्थानी, पंजाबी, बंगाली, कश्मीरी नृत्य, गायन के साथ वर्तमान परिस्थितियों पर आधारित जीवंत नाटक का मंचन किया। विद्यार्थियों की ओर से ऑर्केस्ट्रा पर दी गई प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र रही। समारोह में अंग्रेजी माध्यम कि 26, हिंदी माध्यम की 23 एवं अजितसरिया शाखा की 17 प्रतिभाओं को कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल की पूर्व छात्रा कोमल पारीक को राजकीय व्याख्याता पद पर, आनन्द हरितवाल को आयकर अधिकारी के पद पर तथा रमन सैनी को प्रोग्राम एसोशिएट के पद पर चयनित होने पर प्रशस्ति पत्र देकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा सलोनी व निष्ठा ने किया।

## अष्ठम पोषण पखवाड़ा पर कार्यशाला आयोजित, जागरूकता गतिविधियों पर दिया जोर



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** महिला व बाल विकास विभाग की ओर से संचालित अष्ठम पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पखवाड़े की अवधि के दौरान किए जाने वाले विभिन्न गतिविधियों व कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। इससे पूर्व 9 अप्रैल को पखवाड़े के शुभारंभ अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग की ओर से पोषण पखवाड़ा व प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के पोस्टर का विमोचन किया गया। महिला व बाल विकास विभाग के उपनिदेशक बिजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि इस वर्ष पोषण पखवाड़ा 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। इस दौरान विभाग की ओर से अन्य विभागों के समन्वय से ब्लॉक व ग्राम स्तर पर महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पखवाड़ा पांच प्रमुख थीम पर आधारित रहेगा, जिनमें मातृ व शिशु पोषण, मस्तिष्क विकास के लिए प्रारंभिक प्रोत्साहन, प्रारंभिक वर्षों में खेल आधारित शिक्षा, स्क्रीन टाइम कम करने में अभिभावकों व समुदाय की भूमिका तथा आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए सामुदायिक सहयोग प्राप्त करना शामिल है। कार्यशाला में सभी सीडीपीओ, सुपरवाइजर, जिला व ब्लॉक समन्वयक सहित विभाग के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

## शिविर में 450 लोगों ने किया रक्तदान




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नलिया बास स्थित सैनी समाज गेस्ट हाउस में नारायण मल सैनी की 31 वीं पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एडीजे न्यायाधीश महेंद्र प्रताप भाटी, एसीजेएम विकास गजराज का स्वागत किया गया। दोनों न्यायिक अधिकारियों ने शिविर के दौरान रक्तदान को महत्वपूर्ण बताते हुए बच्चों के साथ होने वाले साईबर दुर्व्यवहार के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और माता-पिता से बच्चों को इससे संरक्षण करने व हेल्पलाईन पर इसकी जानकारी दिए जाने की अपील की। महंत स्वामी कानपुरी महाराज ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे बड़ी मानवता की सेवा नहीं हो सकता। कार्यक्रम में विधायक मनोज मेघवाल, बीजेपी नेता जय श्री दाधीच, पूर्व एमएलसी यूपी परमेश्वर सिंगोदिया, निवर्तमान उप सभापति अमित मारोठिया, ताराचंद तंवर, यूथ मंडल अध्यक्ष खेमाराज सैनी सहित अनेक लोग मंचस्थ रहे। महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान व सर्व समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर में युवाओं ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया और शाम तक 450 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर को सफल बनाने में मिथिलेश तंवर, नरेन्द्र जादम, सुनील तंवर, अनिल तंवर, महेश तंवर, संजय तंवर, कन्हैयालाल तंवर, पवन तंवर, शिवकरण तंवर, कन्हैयालाल तूनवाल डॉ. कपिल सैनी, रामनिवास गुर्जर सहित अनेक लोगों ने योगदान दिया।

## बाजीसर में परिण्डा अभियान शुरू

जयपुर टाइम्स

मण्डावा(निस)। गांव बाजीसर के मुख्य चौक में शुक्रवार को पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। इस दौरान मेहरादासी पूर्व सरपंच सज्जन पूनिया, हरफूल महला, बीरबल बुडानिया, हीरालाल बुडानिया, रामकरण ढूकिया, रामनिवास कुल्हरी, रामजीलाल जांगिड़, जगपाल बुडानिया,



रोहित नायक, विक्रम नायक, प्रियांशु बुडानिया, अभिनव निर्मल बड़ी संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद रहे। समाजसेवी अमित मीणा ने बताया कि बेजुबान पक्षियों के लिए हर घर हर गांव में परिंडे लगाना चाहिए यह पुण्य का कार्य हैं।

## राजस्थान के संगठन शिल्पी मोतीलाल मीणा अब बंगाल की राजनीति में सक्रिय



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री मोतीलाल मीणा इन दिनों पश्चिम बंगाल की राजनीति में अपनी सक्रिय भूमिका को लेकर चर्चा में हैं। संगठनात्मक कौशल और माइक्रो-मैनेजमेंट के लिए पहचाने जाने वाले मीणा ने राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। बताया जा रहा है कि पश्चिम बंगाल के दक्षिण कोलकाता क्षेत्र में वे बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करने तथा विभिन्न सामाजिक वर्गों को जोड़ने में जुटे हैं। 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' अभियान के तहत उनकी रणनीतियां चर्चा का विषय बनी हुई हैं। राजस्थान में प्रदेश उपाध्यक्ष और महामंत्री रहते हुए मीणा ने गांव-ढाणी तक संगठन को सक्रिय किया और व्यापक प्रवास कर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। अब उसी अनुभव के आधार पर वे बंगाल में पार्टी संगठन को मजबूती देने का प्रयास कर रहे हैं। राजनीतिक जानकारों के अनुसार उनकी सक्रियता से स्थानीय राजनीतिक समीकरणों में बदलाव देखने को मिल रहा है।

## संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रमुखजन गोष्ठी का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रमुखजन गोष्ठी का आयोजन राजभवानी वाटिका में किया गया। चितौड़ प्रांत के ग्राम विकास संयोजक श्यामबिहारी व खंड संघ चालक दिलदार सिंह ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगीत वन्देमातरम् के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए चितौड़ प्रांत के ग्राम विकास संयोजक श्यामबिहारी ने कहा कि संघ की शाखा के माध्यम से व्यक्तिगत चरित्र निर्माण के साथ ही राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण का कार्य भी अनवरत किया जा रहा हैं। संघ जो कार्य कर रहा हैं उसमें हिन्दू समाज को भी कंधे से कंधा मिला कर चलने की आवश्यकता हैं। व्यक्ति निर्माण के साथ जो संघ कार्य की शुरुआत हुई आज वो वातावरण स्पष्ट रूप से दिखाई देता हैं।उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष के तहत हुए हिन्दू सम्मेलनों से सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिला हैं। उन्होंने परिवार में संस्कार व संवाद बढाने,जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन व प्लास्टिक उत्पादों का प्रयोग नहीं करने पर भी बल दिया।

## भौतिक सत्यापन में कोलीवाड़ा की श्रीराम गौशाला अव्वल, रिकॉर्ड से लेकर व्यवस्थाएं तक दुरुस्त



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** कोलीवाड़ा स्थित श्रीराम गौशाला में शुक्रवार को तहसीलदार हिमांशु कच्छवाह ने भौतिक सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला की व्यवस्थाएं संतोषजनक और सुव्यवस्थित पाई गईं। तहसीलदार ने सबसे पहले गौशाला में मौजूद गोवंश की संख्या का मौके पर उपलब्ध रिकॉर्ड से मिलान किया। इस दौरान रिकॉर्ड और वास्तविक संख्या में पूर्ण सामंजस्य मिला, जिससे रिकॉर्ड संधारण की सटीकता स्पष्ट हुई। इसके बाद चारा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। सूखे व हरे चारे तथा बाटा (दलिया) की उपलब्धता, वितरण और भंडारण व्यवस्था को परखा गया, जो संतुलित और व्यवस्थित पाई गई। गौशाला में बनाए गए चार चारा गोदामों का भी निरीक्षण किया गया, जहां पर्याप्त मात्रा में चारा सुरक्षित रूप से संग्रहित मिला। गर्मी को ध्यान में रखते हुए गौशाला परिसर में टीनशेड के तहत गोवंश के लिए छाया और आवास की व्यवस्था की भी जांच की गई। यह व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त पाई गई। साथ ही स्वच्छता और पेयजल की उपलब्धता भी संतोषजनक रही। निरीक्षण के दौरान गौशाला सेवा समिति के सचिव भंवरलाल परमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार, व्यवस्थापक पुखराज कुमावत, मोहनदास वैष्णव, सदस्य गौरी शंकर, तगाराम माली सहित अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद तहसीलदार हिमांशु कच्छवाह ने गौशाला की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए उन्हें व्यवस्थित और अनुकरणीय बताया।

## अब पोयणा में ही मिलेगा राशन, अलग दुकान से ग्रामीणों को बड़ी राहत

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** पंचायत समिति सुमेरपुर की ग्राम पंचायत बामणेरा के अंतर्गत ग्राम पोयणा के ग्रामीणों के लिए राहत भरी खबर है। जिला रसद विभाग ने जनहित में निर्णय लेते हुए पोयणा में अलग राशन दुकान स्वीकृत कर दी है, जिससे अब ग्रामीणों को अपने ही गांव में राशन उपलब्ध हो सकेगा। अब तक ग्रामीणों को राशन लेने के लिए करीब तीन किलोमीटर दूर बामणेरा जाना पड़ता था, जिससे समय व संसाधनों की परेशानी होती थी। नई व्यवस्था लागू होने से इस समस्या से निजात मिलेगी और वितरण व्यवस्था और अधिक सुगम बनेगी। विज्ञापन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद बामणेरा-कोरटा ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड को राशन वितरण का कार्यभार सौंपा गया है। समिति की पूर्व में उत्कृष्ट कार्यशैली, सुव्यवस्थित प्रबंधन और पारदर्शिता को देखते हुए विभाग ने यह जिम्मेदारी सौंपी है। समिति ने आश्वासन दिया है कि राशन वितरण पूरी तरह पारदर्शी, व्यवस्थित और बिना किसी गड़बड़ी के किया जाएगा।

# पात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाएं, लंबित प्रकरण जल्द निपटाएंः सांसद भजनलाल जाटव

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में करौली-धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के समग्र विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाए तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सांसद ने रेलवे विभाग को सैपऊ रोड पुलिस लाइन के पास बार-बार बंद होने वाले फाटक की समस्या को देखते हुए ओवरब्रिज निर्माण के निर्देश दिए। साथ ही धौलपुर-बाड़ी रेलवे मार्ग पर भूमि अधिग्रहण से जुड़े किसानों को मुआवजा शीघ्र उनके खातों में दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजौली, कुहावनी और सिंगोरई क्षेत्रों में ब्रॉडगेज कार्य के बाद बंद हुए रेलवे क्रॉसिंग स्थलों पर अंडरपास बनाने को कहा। सांसद ने नेशनल हाईवे पर गड्ढों की मरम्मत, नालों की सफाई, टोल प्लाजा पर इमरजेंसी लेन में कार्मिकों की तैनाती, ड्रेस कोड लागू करने एवं कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। हाईवे पर आवारा पशुओं की रोकथाम के लिए नियमित पेट्रोलिंग करने और लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों पर




कार्रवाई के निर्देश भी दिए। आगरा-ग्वालियर हाईवे पर मचकुंड चौराहे पर ओवरब्रिज कार्य शीघ्र शुरू करने पर जोर दिया। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत समयबद्ध कार्य पूर्ण करने, पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा पाइपलाइन कार्य से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के निर्देश दिए। गर्मी को देखते हुए अधिक से अधिक हैंडपंपों की मरम्मत, नए कनेक्शन जारी करने एवं पीएम आवास योजना में प्रगति लाने पर जोर दिया। मनरेगा कार्यों की मॉनिटरिंग और विद्युत विभाग को क्षतिग्रस्त खंभों व ढीले तारों की मरम्मत के निर्देश भी दिए। सांसद ने चिकित्सा विभाग को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए तैयारियां सुनिश्चित करने, पीएचसी व सीएचसी में पर्याप्त दवाइयों की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही सिलिकोसिस पीड़ितों की जांच कर पात्रों को लाभ दिलाने, अनुसूचित जाति-जनजाति के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरण तथा अनुजा निगम के माध्यम से ऋण वितरण शीघ्र करने को कहा। बैठक में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने निर्देशों की पालना का आश्वासन दिया। वहीं बाड़ी विधायक जसवंत सिंह गुर्जर एवं बसेड़ी विधायक संजय जाटव ने क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान पर्यटन विभाग द्वारा पंच गौरव के तहत तीर्थराज मचकुंड सरोवर का कैलेंडर भी विमोचित किया गया। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए एन सोमनाथ, उपवन संरक्षक वी चेतन कुमार, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बबली राम जाट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नपा संविदाकर्मी के खिलाफ झूठी व कूटरचित एफआईआर का आरोप

### संविदाकर्मियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर की नाम हटाने की मांग

जयपुर टाइम्स



**बिजौलियां(निस)।** नगरपालिका संविदाकर्मी के खिलाफ एक पत्रकार की ओर से झूठी व कूटरचित एफआईआर दर्ज करवाने का आरोप लगाते हुए नगरपालिका के संविदाकर्मियों ने उपखण्ड अधिकारी अजित सिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंप कर एफआईआर से संविदाकर्मी का नाम हटवाने की मांग की।संविदाकर्मी हाथों में तख्तियां लिए रैली के रूप में उपखण्ड कार्यालय पहुंचे। ज्ञापन में आरोप लगाया कि नगर पालिका बिजौलिया में कार्यरत संविदाकर्मी योगेश कुमार अहीर के विरुद्ध उक्त पत्रकार की ओर से एक झूठी व कूटरचित प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है।ज्ञापन में पत्रकार पर स्वयं के भवन में अवैध निर्माण कार्य किए जाने, कई स्थानों पर अतिक्रमण करने और नगर पालिका कार्मिकों की ओर से राजकीय निर्देशों की पालना में किए जा रहे कार्यों में आए दिन व्यवधान उत्पन्न करने का आरोप भी लगाया गया। साथ ही विगत 22 मार्च को नपा कार्यालय में सभी कार्मिकों की मौजूदगी में योगेश अहीर के साथ गाली-गलौज करने, नौकरी से निकलवाने की धमकी देने और अधिशाषी अधिकारी पर योगेश को नौकरी से हटाने के लिए अनुचित दबाव बनाने का जिक्र भी ज्ञापन में किया गया। संविदाकर्मियों की ओर से उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जाँच करवाने की मांग की गई।पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री,स्थानीय विधायक , प्रशासक नगर पालिका, उपपुलिस अधीक्षक माण्डलगढ़ व थाना प्रभारी बिजौलियां और सम्बंधित समाचार पत्र के जयपुर व भीलवाड़ा कार्यालय को भी प्रेषित की गई।

## खनन प्रभावित क्षेत्रों में सड़क निर्माण करवाने सहित शिक्षा, स्वास्थ्य व मूलभूत संरचना निर्माण को लेकर चर्चा

### प्रबंधकीय समिति, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, जालोर की बैठक सम्पन्न

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** प्रबंधकीय समिति, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, जालोर की बैठक जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें सांसद लुम्बाराम चौधरी, राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, भीनमाल विधायक डॉ. समरजीत सिंह व रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विभागों से डीएमएफटी के तहत पूर्व में स्वीकृत कार्यों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा व सभी कार्यों की अद्यतन स्थिति के साथ-साथ कार्यों पर व्यय की समीक्षा की गई। सांसद लुम्बाराम चौधरी व मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग सहित विधायकों ने खनन प्रभावित क्षेत्रों में सड़क निर्माण करवाने सहित शिक्षा, स्वास्थ्य व मूलभूत संरचना निर्माण को लेकर चर्चा की। बैठक में ज़िला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जालोर डीएमएफटी में उपलब्ध फण्ड सहित वर्तमान में प्रगतिरत कार्यों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होने शिक्षा, वन, सार्वजनिक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य, समेकित बाल विकास सेवाओं, पंचायतीराज, खेल सहित विभिन्न विभागों से प्राप्त हुए प्रस्तावित कार्यों के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली साथ ही उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग करने तथा समयबद्ध कार्य पूर्ण करने करने के संबंध में निर्देश दिए। इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, उप वन संरक्षक जयदेव सिंह चारण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व डीएमएफटी के सदस्य उपस्थित रहे।

## पीएनजी की पाइपलाइन फिटिंग पूर्ण वाले क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन लेना अनिवार्य

### पीएनजी कनेक्शनधारियों को अपना घरेलू एलपीजी कनेक्शन समर्पित करना होगा

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिले में जहाँ पीएनजी की पाईपलाईन फिटिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है वहाँ उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेण्डर की आपूर्ति कर दी जाएगी और उन्हें पीएनजी कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा। जिला रसद अधिकारी नमिता नारवाल ने बताया कि मध्यपूर्व में जारी युद्ध के कारण देश में एलपीजी आपूर्ति प्रभावित होने के बीच उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए सरकार की ओर से जिले में कई जगह पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। जालोर शहर में गुजरात गैस के माध्यम से पंजीकृत पीएनजी कनेक्शनधारियों को शत-प्रतिशत गैस की आपूर्ति की जा रही है और इसमें किसी प्रकार की कटौती नहीं की जाएगी। होटल रेस्टोरेन्ट, ढाबा व अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान तथा उपभोक्ता गुजरात गैस से आवेदन कर पीएनजी कनेक्शन प्राप्त कर सकते है। उन्होंने पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) के लाभ के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पीएनजी कनेक्शन लेने से 24 घण्टे निरंतर गैस की आपूर्ति रहेगी जिससे सिलेण्डर की डिलीवरी का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। प्राकृतिक गैस हवा से हल्की होती है, रिसाव होने पर जल्दी फैल जाती है, जिससे दुर्घटना की संभावना भी कम होती है। पीएनजी कनेक्शन के तहत मीटर आधारित बिलिंग होती है, जिससे केवल उपयोग की गई गैस का ही भुगतान करना होता है। उपभोक्ताओं को अब भारी सिलेंडर लेकर जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। पर्यावरण के अनुकूल स्वच्छ जलन और वायु गुणवत्ता में सुधार होगा। जिला रसद अधिकारी ने पीएनजी कनेक्शनधारियों को निर्देशित किया है कि वे अपना घरेलू एलपीजी कनेक्शन संबंधित एजेंसी में समर्पित करें तथा आगे किसी प्रकार की बुकिंग या रिफिल प्राप्त नहीं करें। गुजरात गैस की ओर से 30 जून तक घरेलू पीएनजी कनेक्शन लेने पर दिया जा रहा ऑफर गुजरात गैस की ओर से 30 जून, 2026 तक नए घरेलू पीएनजी कनेक्शन पर ऑफर दिया गया है जिसके तहत घरेलू पीएनजी कनेक्शन लेने पर गैस बिल में सीधे 500 रूपए जमा किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए 1800-123-6000 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## अंबेडकर जयंती पर 11 से 14 अप्रैल तक कार्यक्रमों का होगा आयोजन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** डॉ. बी आर अम्बेडकर जयंती समारोह 14 अप्रैल के भव्य रूप से आयोजन के लिए 11 से 14 अप्रैल तक जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि जिले में गतिविधियों के सफल आयोजन के लिए जिला स्तर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद को नोडल अधिकारी एवं सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को सहायक नोडल अधिकारी तथा ब्लॉक स्तर पर सम्बन्धित उपखण्ड अधिकारी ब्लॉक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की विचारधारा से जन सामान्य को अवगत तथा जागरूक किए जाने के 11 अप्रैल को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे ज्योतिबा फुले जी की मूर्ति पर माल्यार्पण, 12 अप्रैल को संविधान को जाने ऑनलाइन क्वीज प्रतियोगिता, 13 अप्रैल को बाबा साहेब के सामाजिक न्याय दर्शन एवं उनके जीवन पर आधारित संगोष्ठी कार्यक्रम, बाबा साहेब के जीवनवृत पर व्याख्यान, छात्रावासों, आवासिय विद्यालयों में बाबा साहेब आधारित चलचित्र प्रदर्शन एवं स्वच्छता कार्यक्रम, चित्रकला, लेखन, भाषण तथा संविधान के सम्बन्ध में निबंध प्रतियोगिता तथा 14 अप्रैल को अम्बेडकर पार्क सागरपाड़ा में प्रातः 10 बजे बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि, संविधान की प्रस्तावना का वाचन व संविधान शपथ का आयोजन किया जाएगा।

## आरी गांव में 10 दिन से बिजली ठप, टूटे पोल-ट्रांसफार्मर पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

**धौलपुर(निस)।** सैंपऊ उपखंड के नुनहेरा ग्राम पंचायत अंतर्गत आरी गांव में पिछले 10 दिनों से बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। गांव के कुशवाह और जाटव मोहल्लों में बिजली के पोल व ट्रांसफार्मर जमीन पर टूटे पड़े हैं, जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित होने के साथ रास्ता भी अवरुद्ध हो गया है। समस्या के विरोध में ग्रामीणों ने 'हल्ला बोल' प्रदर्शन कर विद्युत विभाग और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। जिला अध्यक्ष सुखवेन्द्र सिंह परमार ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और इसे गंभीर लापरवाही बताया। बिजली नहीं होने से ग्रामीण अंधेरे में जीवन यापन कर रहे हैं, पानी की आपूर्ति बाधित है


## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य Sammaan Capital Ltd. जयपुर में श्री सुरेश कुमार संगतानी पुत्र श्री रामचन्द्र संगतानी ने दुकान नम्बर 1, जो कि मकान नम्बर 1152 के ग्राउण्ड फ्लोर, मिश्रा राजा जी का रास्ता, चौकड़ी तोपखाना देश, जयपुर, राज0 में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 12.22 वर्गमीटर (131. 62 वर्गफिट) पर स्थित है पर खरीद हेतू ऋण के लिये आवेदन किया हैं।

यह हैं कि सर्वप्रथम श्री काशीनाथ शर्मा ने श्री रामबाबू पुत्र श्री काशीनाथ शर्मा को मकान नम्बर 1152 के दक्षिण-पश्चिम की तरफ की पाँच दुकान (कॉमन एरिया व छत सहित) जरिये वसीयत नामा दिनांकित 10.04.2001 को वसीयत कर दिया। तत्पश्चात् श्री काशीनाथ शर्मा का स्वर्गवास दिनांकित 03.02.2003 को हो गया। यह कि श्री रामबाबू पुत्र श्री काशीनाथ शर्मा के हिस्से मे आये पाँच दुकानो मे से दुकान नम्बर 1, जिसका कुल क्षेत्रफल 12.22 वर्गमीटर को विधी खांडल पुत्री श्री रामबाबू को जरिये रजिस्टर्ड उपहार पत्र दिनांकित 24.01.2026 को उपहार कर दिया। तत्पश्चात् विधी खांडल पुत्री श्री रामबाबू शर्मा ने उक्त वर्णित दुकान नम्बर-1 को श्री रोनक जायसवाल एवं श्री विकास शर्मा को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांकित 12.03.2026 को बेचान कर दिया। अब श्री रोनक जायसवाल एवं श्री विकास शर्मा उक्त वर्णित सम्पत्ति को श्री सुरेश कुमार संगतानी को बेचान कर रहे है। तथा श्री सुरेश कुमार संगतानी ने दुकान नम्बर 1, जिसका कुल क्षेत्रफल 12.22 वर्गमीटर पर खरीद हेतू ऋण ले रहे है। उक्त ऋण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / किसी सरकारी व गैर सरकारी संस्था/ किसी सरकारी व गैर सरकारी वित्तिय संस्था या किसी बैंक को किसी प्रकार कि कोई आपत्ति हो तो वह 07 (सात) दिवस के भीतर निम्नलिखित पते पर लिखित में अपनी आपत्ति दर्ज करवायें अन्यथा उक्त मियाद के गुजर जाने पर कोई भी आपत्ति और किसी भी प्रकार का उज्र एतराज या दखल मान्य नही होगा ।

**Mr. Dhirendra Singh Mertia, Advocate**
**For MERTIYA ASSOCIATES**
**7-8, Kalyan Colony,**
**Khatipura,**
**Jaipur.**
**Mob No.-09928012167 and 09530028523. R-2172/04**

## कार्यालय, उप वन संरक्षक (वन्य जीव) चिड़ियाघर, जयपुर

क्रमांक : एफ ( ) स्टोर / जू / 2025-26 / 1753 दिनांक :- 08/04/2026

### निविदा संशोधन आदेश

इस कार्यालय द्वारा जारी निम्न निविदाओं की अपलोड की अंतिम तिथि व समय एवं खोलने की तिथि व समय निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

| क्र.स. | नाम वस्तु | टेन्डर आईड | निविदा अपलोड की अंतिम तिथि व समय | निविदा खोलने दिनांक व समय | संशोधित निविदा अपलोड की अंतिम तिथि व समय | संशोधित निविदा खोलने का तिथि व व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा (दर संविदा) आमंत्रण सूचना 71 / 2025-26 साफ-सफाई कार्य (नाहरगढ़ जैविक उद्यान / रेस्क्यू सेंटर / लॉयन सफारी / टाईगर सफारी) | 2026_FORES_547940_1 | 08.04.2026 02.00 PM | 08.04.2026 04.00 PM | 13.04.2026 02.00 PM | 13.04.2026 4.00 PM |
| 2 | ई-निविदा (दर संविदा) आमंत्रण सूचना 72 /2025-26 साफ-सफाई कार्य (जयपुर चिड़ियाघर एवं अशोक विहार पक्षीकक्ष) | 2026_FORES_547936_1 | 08.04.2026 02.00 PM | 08.04.2026 04.00 PM | 13.04.2026 02.00 PM | 13.04.2026 4.00 PM |
| 3 | ई-निविदा (दर संविदा) आमंत्रण सूचना 73/2025-26 साफ-सफाई कार्य (हाथीगॉव ) | 2026_FORES_547883_1 | 08.04.2026 02.00 PM | 08.04.2026 04.00 PM | 13.04.2026 02.00 PM | 13.04.2026 4.00 PM |

निविदा की शेष समस्त शर्तें यथावत रहेगी।

DIPR/C/6792/2026

उप वन संरक्षक,
(वन्यजीव) चिड़ियाघर, जयपुर ।

## कार्यालय ग्राम पंचायत नौरंगपुरा पंचायत समिति सांभरलेक जिला जयपुर (राज.)

क्रमांक:- ग्रा.पं. नौरंगपुरा / निविदा / लेखा / 2026-27/21 दिनांक-10-4-2026

### ई-निविदा सूचना संख्या 01/2026-27

पंचायत समिति साम्भरलेक के अधीनस्थ ग्राम पंचायत नौरंगपुरा के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री एंव उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एंव राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमो के तहत वाणिज्यिक कर विभाग में पंजीकृत ऐसे विनिर्माताओ, विक्रेताओ, आपूर्तिकर्ताओं जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमो से बोली लगाने से विवर्जित / ब्लेक लिस्टेड नही है, से ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। ई-निविदा में जमा कराये जाने योग्य शुल्को की राशि व जमा करवाने का माध्यम एवं अन्य शर्ते एंव निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि एंव अन्य विस्तृत विवरण पंचायत समिति / ग्राम पंचायत कार्यालय समय में एवं उपापन पोर्टल (www.sppp.rajasthan.gov.in) एवं (www.eproc.rajasthan.gov.in) पर अवलोकन की जा सकती है।

UBIN No. - ZJP2526GLOB00095
TENDER ID - 2026_ PRD_ 551298-1

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत नौरंगपुरा**
**पं.स. साँभरलेक (जयपुर)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत नौरंगपुरा**
**पं.स. साँभरलेक (जयपुर)**

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
11 अप्रैल, 2026

## सालासर में प्रस्तावित धरने को रोकने की मांग, ज्ञापन सौंपा

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सालासर धाम में आगामी 13 अप्रैल को प्रस्तावित धरने को रोके जाने की मांग को लेकर लोगों ने नारेबाजी करते हुए उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया और उपखंड अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि कुछ लोग सालासर धाम में अशांति फैलाने के उद्देश्य से धरना देना चाहते हैं, ऐसे में इस प्रकार के धरने को रोका जाए। साथ ही इस प्रकार के प्रदर्शनों में शामिल हुए सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते वक्त मनोज भाणेज ने बताया कि सालासर में सामाजिक सद्भाव को बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। ज्ञापन सौंपते वक्त धार्मिक नारे लगाए गए। इस दौरान भाजपा नेता कमल दाधीच, गणपतदास स्वामी, गंगाधर लाखन, राजकुमार पारीक, संग्राम सिंह, पंकज घासोलिया, मनोज भानेज, संपत पथानिया, बाबूलाल कुलदीप, हिमांशु भाटी, गौरव इंदौरिया, नरेंद्र गुर्जर, भीकमचंद पारीक, अरविंद सोनी, ओमप्रकाश पारीक, बसंत दाधीच, सुनील प्रजापत, रविन्द्र पांडे, पुरुषोत्तम शर्मा, दीनदयाल पारीक सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## प्रतिभावान विद्यार्थियों की निकाली रैली


जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** वाल्मीकि सेवा समिति की ओर से राजकीय विद्यालय संख्या 6 में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, मिथुन सियोता, विक्की परावा, विश्वनाथ बारवासा, गंगाधर लाखन, अमित ढेनवाल, सुमित लाखन, पवन ढ़ेनवाल, नीरज लाखन, अभिषेक बारवासा, सुखदेव सियोता, जयश्री दाधीच, रेवंतमल पंवार आदि मौजूद रहे, जिन्होंने प्रतिभाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर नाइसा ढेनवाल 93.2 प्रतिशत, भव्या आर्य 93 प्रतिशत, पलक टाक 91.8 प्रतिशत, अनमोल खेरवाल 90.33 प्रशित का स्वागत किया गया और सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को घोड़ी पर बिठाकर डीजे के साथ रैली निकाली गई।

## चूरू विधायक हरलाल सहारण बहु चर्चित फर्जी टीसी मामले में बरी

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** बहुचर्चित फर्जी टीसी मामले में चूरू विधायक हरलाल सहारण को न्यायालय ने बरी कर दिया है। एसीजेएम सरदारशहर नवदीप ने फैसला सुनाते हुए वर्ष 2019 से चल रहे प्रकरण में हरलाल सहारण को दोष मुक्त कर दिया है। सहारण की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र सिंह शेखावत ढाकास ने पैरवी की। हरलाल सहारण की पैरवी करने वाले वकील सुरेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि चिमना राम ने वर्ष 2019 में हरलाल सहारण के खिलाफ फर्जी टीसी लगाकर चुनाव लड़ने का मुकदमा दर्ज करवाया था। चिमना राम ने सूचना के अधिकारी के तहत लिए गए दस्तावेज पेश किए थे। वो ना तो कोई लेटर पैड पर लिखा हुआ था, ना ही कोई सील लगी हुई थी। इतना ही नहीं जिस दिन सूचना के अधिकारी के तहत जानकारी मांगी गई उसी दिन वो जानकारी बिना जांच के दे दी गई। मामले में 7 गवाह थे और कुल 14 कागजात पेश किए गए। वे कागजात प्रमाणित नहीं पाए गए। इस पर न्यायाधीश नवदीप ने हरलाल सहारण को फर्जी टीसी मामले में बरी कर दिया। न्यायालय की ओर से सहारण को दोष मुक्त किए जाने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र सिंह शेखावत ढाकास का आभार व्यक्त किया है। लोगों ने मिठाई बांटकर भी खुशी मनाई। कुल मिलाकर अब विधायक हरलाल सहारण के मंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है।

## हरि सिंह रुंडला परबतसर विधानसभा के पर्यवेक्षक बने

जयपुर टाइम्स



**खण्डेला।** संगठन बढ़ाओ, लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत परबतसर विधानसभा का पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव हरि सिंह रूंडला ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। रूंडला ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने व लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए यह अभियान महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग से संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा।

### भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर होगे 11 से 14 अप्रेल तक विभिन्न कार्यक्रम

# अम्बेडकर जयंती राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर संभागीय आयुक्त ने ली बैठक

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती के उपलक्ष में भवानी निकेतन शिक्षा समिति परिसर में होने वाले राज्य स्तरीय समारोह सहित 11 से 14 अप्रेल तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमो की आवश्यक तैयारियों के संबंध में संभागीय आयुक्त जयपुर वी. सरवन कुमार की अध्यक्षता में जिला कलक्टर संदेश नायक की उपस्थिति में शुक्रवार को कलक्टर सभागार में संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई।

संभागीय आयुक्त ने कहा कि भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती को राज्य सरकार की मंशानुरूप भव्यता व गरिमा के साथ आयोजित की जाए। उन्होंने राज्यस्तरीय समारोह स्थल पर माकुल सुरक्षा, कानून व पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश पुलिस आयुक्त, आयुक्तालय जयपुर को दिए हैं। उन्होंने पार्किंग स्थल की साफ-सफाई, समारोह स्थल के समतलीकरण, पर्याप्त चल शौचालयों की व्यवस्था, दिव्यांगजनों के लिए पृथक से शौचालयों की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल के विभिन्न मार्गों की साफ-सफाई, कार्यक्रम स्थल पर दमकल वाहनों की व्यवस्था, डस्टबिन रखने व वेस्ट कलेक्शन पॉइंट स्थापित करने के निर्देश आयुक्त नगरपरिषद् को दिए हैं। उन्होंने समारोह स्थल पर पर्याप्त ट्रेफिक पुलिस बल तैनात करने ट्रेफिक प्लानिंग, डायवर्जन प्लान तैयार करने, एंट्री एग्जिट और बैरिकेटिंग से यातायात नियंत्रण की व्यवस्था सुनिश्चित करने, के निर्देश पुलिस उपायुक्त यातायात जयपुर को दिए हैं।

उन्होंने समारोह स्थल पर डोम, स्टेज, कुर्सियों सेफ हाउस प्रत्येक ब्लॉक में स्वच्छ पेयजल, साइनेज, पार्किंग व सिटिंग प्लान लगवाना सुनिश्चित करवाने के निर्देश सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को दिए हैं।

संभागीय आयुक्त ने कार्यक्रम स्थल पर उच्च प्रदर्शन के लिए एलईडी व साउंड सिस्टम सहित इनमें समस्त व्यवस्थाएं, वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था हेतु डीजी सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। इसके साथ-साथ उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए पर्याप्त संख्या में पंखों, कूलरो (मय पानी) की व्यवस्था करवाने के निर्देश अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग विद्युत को दिए हैं।

इस दौरान संभागीय आयुक्त ने कार्यक्रम स्थल, पार्किंग स्थल सहित अन्य स्थानों पर स्वच्छ पेयजल के लिए पर्याप्त संख्या में टैंकरों व कैम्परों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ कार्यक्रम स्थल पर किसी प्रकार के ऑवरफ्लो, लिकेज की मरम्मत करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी प्रथम को कार्यक्रम से संबंधित चिकित्सा एक्शन प्लान तैयार करना, पर्याप्त संख्या में एम्बुलेंस मय डॉक्टर नर्सिंग स्टाफ की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ कार्यक्रम में भाग लेने आने वाले प्रतिभागियों की बसों में मेडिकल किट की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आपदा प्रबंधन प्लान तैयार करने व निर्धारित कार्यक्रम में भीड़ नियंत्रण के लिए आवश्यकतानुसार नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों की तैनाती की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा कलेक्ट्रेट जयपुर को दिये हैं। उन्होंने इसके अतिरिक्त आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी अन्य विभागीय अधिकारियों को दी है।

जिला कलक्टर ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर चतुर्थ जयपुर आशीष कुमार व अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर उत्तर जयपुर मुकेश कुमार मूण्ड को प्रभारी अधिकारी व सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक बी.पी. चन्देल को नॉडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## वार्षिकोत्सव में प्रतिभाओं को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स




**राजलदेसर(निस)।** कस्बे स्थित श्रीराम उच्च माध्यमिक विद्यालय में 34वां वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8:30 बजे विद्यालय परिसर में विधिवत रूप से हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक एवं शिक्षाविद् दुर्गादत्त दाधीच ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार हरदीप सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पुलिस निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार, प्रधानाचार्य अंजू खेड़ीवाल, पीएमश्री यू.क्लब विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहन सिंह, वेद वायर एंड केबल के एमडी नरेन्द्र बैद, कनिष्ठ अभियंता हेमराज बैरवा और इंडेन गैस एजेंसी के प्रबंधक पवन झेडू विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य भुवनेश्वर शर्मा ने बताया कि समारोह के दौरान शैक्षणिक, खेल व सह-पाठयक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देशभक्ति, लोक संस्कृति व सामाजिक सरोकारों पर आधारित प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण रहीं, जिन्हें उपस्थित जनों ने खूब सराहा।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, विद्यार्थी एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। समापन पर विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों व उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया। प्रधानाचार्य भुवनेश्वर शर्मा ने विद्यार्थियों को अनुशासन और परिश्रम का महत्व बताया, वहीं सुशील कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्य अतिथि हरदीप सिंह ने विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बीदासर में 8 साल बाद कोर्ट का फैसला

## अवैध कॉम्प्लेक्स मामले में पालिका की जीत, मालिक को नोटिस

जयपुर टाइम्स




**बीदासर(निस)।** कस्बे के प्रताप सागर चौक स्थित बिना स्वीकृति बनाए गए व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स के मामले में 8 साल बाद न्यायालय ने नगरपालिका के पक्ष में फैसला सुनाया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट सरिता कायथ ने आरोपी अयूब अली को दोषी ठहराते हुए जुर्माना लगाया। नगरपालिका बीदासर की अधिवक्ता आरती डुंखवाल ने बताया कि वार्ड नंबर 09 में प्रताप सागर चौक पर बिना नगरपालिका की अनुमति के व्यावसायिक भवन का निर्माण किया गया था। जबकि नियमों के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र में किसी भी निर्माण से पहले स्वीकृति लेना अनिवार्य है। इस उल्लंघन पर पालिका ने 19 जनवरी 2018 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में मामला दर्ज कराया था। लंबे समय तक चले इस प्रकरण में गुरुवार को फैसला सुनाते हुए न्यायालय ने नगरपालिका के पक्ष में निर्णय दिया। फैसले के बाद नगरपालिका प्रशासन ने कार्रवाई तेज करते हुए कॉम्प्लेक्स मालिक को नोटिस जारी किया है। अधिशासी अधिकारी द्वारका प्रसाद ने बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट बीदासर की ओर से फौजदारी प्रकरण संख्या 431/2021 में पारित आदेश के अनुसार पालिका को विजय प्राप्त हुई है। इसके तहत अयूब अली को 3 दिन के भीतर अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश की पालना नहीं करने पर पालिका स्वयं अतिक्रमण हटाएगी और इसका खर्च संबंधित मालिक से वसूला जाएगा। गौरतलब है कि हाल ही में पालिका अध्यक्ष और पार्षदों की ओर से पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड और मंडी बाजार स्थित करणी माता मंदिर के सामने बने अवैध कॉम्प्लेक्स पर भी कार्रवाई की मांग उठाई गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ऐसे में इस फैसले के बाद शहर में यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या पालिका प्रशासन अन्य अवैध निर्माणों पर भी सख्त कार्रवाई करेगा।

## पत्रकारों की आजीविका पर वार कर लोकतंत्र को दबाने का प्रयास नहीं होगा सहनः शर्मा



### प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

